उत्तराखण्ड पुलिस हस्तपुस्तिका

(भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम)

उद्घोषणा

(DISCLAIMER)

भारत सरकार द्वारा पारित नये कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के दृष्टिगत पुलिस कार्मिको हेतु उत्तराखण्ड पुलिस हस्तपुस्तिका को एक सहायक पुस्तिका के रुप में प्रकाशित किया गया है। इस हस्तपुस्तिका का अन्य कोई भी विधिक उपयोग मान्य नहीं है और न ही यह हस्तपुस्तिका किसी विधि की व्याख्या को विधिक रुप से प्रमाणित किये जाने का दावा प्रस्तुत करती है। इस हस्तपुस्तिका में वर्णित प्रत्येक संहिता के विधिक, विस्तृत, गहन, मान्य एवं प्रमाणिक अध्ययन के लिए मूल संहिता से सन्दर्भ ग्रहण किया जाना सर्वोचित रहेगा।

नोटः इस पुस्तिका का कोई भी भाग उत्तराखण्ड पुलिस की पूर्व लिखित अनुमति के बिना, किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से निर्मित या प्रसारित नहीं किया जा सकता है।

सन्देश

भारत सरकार द्वारा आपराधिक कानूनों से सम्बन्धित तीन प्रमुख अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पारित किया गया है, जो कि क्रमशः भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। उक्त पारित अधिनियमों को 01 जुलाई, 2024 से लागू किये जाने के सम्बन्ध में अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है। आपराधिक न्याय प्रणाली को सशक्त, आधुनिक और वैज्ञानिक आधार प्रदान करने के लिए, कानूनी प्रावधानों में पारदर्शिता लाने तथा तकनीक व फोरेन्सिक की सहायता से जांच की गुणवत्ता में उन्नति के लिए तथा विभिन्न प्रक्रियाओं में समय सीमा निर्धारित करने के लिए उक्त अधिनियम पारित किये गये हैं, ताकि आपराधिक मामले में दोषसिद्धि दर में सुधार हो सके और विहित समय सीमा के तहत पीड़ित को न्याय मिल सके।

भारत सरकार द्वारा पारित उक्त अधिनियमों के उद्देशयों की प्राप्ति के लिए पुलिस कार्मियों का इन कानूनों की बारीकियों को समझने तथा कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए सहायक पुस्तिका के रूप में उत्तराखण्ड पुलिस हस्त पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है। **उत्तराखण्ड पुलिस हस्त पुस्तिका में उक्त तीनों अधिनियमों को निम्नलिखित चार भागों में विभाजित किया गया है।**

(i) भाग-क में उक्त अधिनियमों में जोड़ी गयी नयी धाराओं को वर्णित किया गया है।

(ii) भाग-ख में हटाई गयी धाराओं को वर्णित किया गया है।

(iii) भाग-ग में उन धाराओं को वर्णित किया गया है जो संशोधन के साथ प्रावधानित किये गये हैं।

(iv) भाग-घ में पुराने तथा नये अधिनियम के बीच धाराओं के तुलनात्मक विवरण के साथ ही हटाई गयी तथा संशोधित धाराओं को दर्शाते हुए, उल्लेख किया गया है।

पुलिस कर्मियों द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रकाशित विधि से मामले की पुष्टि करते हुए उक्त विधियों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सकता है।

उत्तराखण्ड पुलिस हस्त पुस्तिका के प्रकाशन में सहायक अभियोजन अधिकारी जावेद अहमद तथा उत्तराखण्ड पुलिस टीम के सदस्य प्रतिसार निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक अध्यापक संदीप रावत, उप निरीक्षक अध्यापक भास्कर थपलियाल, उप निरीक्षक अध्यापक कृष्णा जयाड़ा, उप निरीक्षक अध्यापक ललिता तोमर, उप निरीक्षक अध्यापक रंजना प्रसाद, हे0 कानि0 विरेन्द्र सिंह बिष्ट, कानि0 निशांत वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आभार प्रकट करते हैं। मुझे पूर्ण आशा है कि उत्तराखण्ड पुलिस हस्त पुस्तिका इन नये कानूनों को समझने तथा इनके बेहतर क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी साबित होगी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

अनुक्रमणिका

भारतीय न्याय संहिता 2023 1–61

भागक्ष–क : भारतीय न्याय संहिता 2023 में जोडी गयी नयी धाराऐं 3–5

भाग–ख : भारतीय दण्ड संहिता 1860 के वह प्रावधान जो भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित नहीं हैं 6–8

भाग–ग : भारतीय दण्ड संहिता के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित किये गये हैं 9–13

भाग–घ : भारतीय दण्ड संहिता 1860 व भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण 14–61

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 62–108

भाग–क : भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में जोडी गयी नयी धाराऐं 64–65

भाग–ख : दण्ड प्रक्रिया संहिता के वह प्रावधान जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रावधानित नहीं हैं 66

भाग–ग : दण्ड प्रक्रिया संहिता के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रावधानित किये गये हैं 67–73

भाग–घ : दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण 74–108

प्रथम अनुसूची 109–213

द्वितीय अनुसूची 214–275

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 276–300

भाग–क : भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जोडी गयी नयी धाराऐं 278

भाग–ख : भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित नहीं हैं 279

भाग–ग : भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित किये गये हैं 280–81

भाग–घ : भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण 282–296

अनुसूची 297–300

भारतीय न्याय संहिता
2023

भारतीय दण्ड संहिता 1860 व भारतीय न्याय संहिता 2023 का तुलनात्मक अध्ययन

भाग –क

भारतीय न्याय संहिता 2023 में जोड़ी गयी नयी धाराऐं

भाग –ख

भारतीय दण्ड संहिता 1860 के वह प्रावधान जो भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित नहीं हैं

भाग – ग

भारतीय दण्ड संहिता के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित किये गये हैं

भाग – घ

भारतीय दण्ड संहिता 1860 व भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण

भाग 'क'

भारतीय न्याय संहिता 2023 में जोड़ी गयी नयी धाराऐं

क्र0स0	धारा	टिप्पणी
1	धारा 2(3)	बालक शब्द को परिभाषित किया गया है। *(बालक से तात्पर्य 18 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति से है)*
2	धारा 48	भारत के बाहर भारत में किये गये अपराध का दुष्प्रेरण *(साइबर अपराधों, आतंकवाद से सम्बन्धित अपराध व अन्य आर्थिक अपराध को ध्यान में रखकर)*
3	धारा 69	प्रवन्चनापूर्ण साधनों (शादी का झासा, नौकरी, प्रमोशन आदि का झासा देकर) का प्रयोग करके मैथुन कारित करना जो बलात्कार के अपराध में न आता हो। *(10 वर्ष की सजा और जुर्माना)*
4	धारा 95	अपराध कारित करने के लिए बालक को नियोजित करना। *(सजा – न्यूनतम 03 वर्ष, जो 10 वर्ष तक हो सकती है और जुर्माना, यदि वह अपराध कारित किया जाता है तो उस अपराध के लिए प्रावधानित दण्ड से भी ऐसे दण्डित किया जायेगा कि मानों उसने वह अपराध स्वयं किया हो)*
5	धारा 103 (2)	**मोब लिंचिंग** – पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का कोई समूह मिलकर मूल वंश, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म, स्थान, भाषा, व्यक्तिक विश्वास या किसी अन्य समरूप आधार पर हत्या कारित करता है तो ऐसे समूह का प्रत्येक सदस्य *मृत्यु या आजीवन कारावास और जुर्माना से दण्डनीय होगा।*
	धारा 117 (4)	मोब लिंचिंग में घोर उपहति होने पर *(07 वर्ष तक की सजा और जुर्माना)*
6	धारा 106 (2)	हिट एण्ड रन केस। *(दस वर्ष तक की सजा और जुर्माना)* टिप्पणी – जो कोई, उतावलेपन या उपेक्षापूर्ण चालन से, किसी व्यक्ति की मृत्यु कारित करेगा, जो आपराधिक मानव वध की कोटि में नहीं आता है और घटना के तत्काल पश्चात् इसे पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट किए बिना, निकलकर भागेगा, किसी भी भांति के ऐसी अवधि के कारावास से जो दस वर्ष तक का हो सकेगा, दंडित किया जाएगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा।
7	धारा 111	संगठित अपराध। *(यदि संगठित अपराध के परिणाम में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो सजा मृत्यु या आजीवन कारावास और जुर्माना*

		जो 10 लाख से कम नहीं होगा अन्य स्थिति में सजा न्यूनतम 05 वर्ष जो आजीवन कारावास तक हो सकती है और जुर्माना जो 05 लाख से कम नहीं होगा) *टिप्पणी –**"संगठित अपराध सिंडिकेट"** से दो या अधिक व्यक्तियों का समूह अभिप्रेत है जो एक सिंडिकेट या टोली के रूप में या तो अकेले या सामूहिक रूप से कृत्य करते हुए किसी सतत् विधि विरुद्ध क्रियाकलाप में लिप्त है। संगठित अपराध के अन्तर्गत निम्न अपराध सम्मिलित है जैसे व्यपहरण, डकैती, संविदा पर हत्या करना, आर्थिक अपराध, फिरौती के लिए मानव दुर्व्यापार शामिल है।* ***सतत विधि विरूद्ध क्रिया कलाप** से विधि द्वारा प्रतिषिद्ध कृत्य अभिप्रेत है जो 03 या अधिक वर्ष के कारावास से दण्डनीय संज्ञेय अपराध है जो किसी व्यक्ति द्वारा अकेले या संयुक्त रूप से संगठित अपराध के सम्बन्ध में आरोप पत्र 10 वर्ष की पूर्ववृत्ति अवधि के भीतर सक्षम न्यायालय में दाखिल किये गये हैं, जिस पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया है।*
8	धारा 112	संगठित तुच्छ अपराध। *(सजा न्यूनतम 01 वर्ष जो 07 वर्ष तक हो सकेगी और जुर्माना)* *टिप्पणी –छोटे संगठित अपराध - जो कोई समूह या टोली का सदस्य होते हुए, या तो एकल रूप से या संयुक्त रूप से, चोरी, झपटमारी, छल, टिकटों के अप्राधिकृत रूप से विक्रय अप्राधिकृत शर्त लगाने या जुआ खेलने, लोक परीक्षा प्रश्नपत्रों का विक्रय या कोई अन्य समरूप अपराधिक कार्य कारित करता है, तो वह छोटा संगठित अपराध कारित करता है।*
9	धारा 113	**आतंकवाद** – जो कोई भारत की एकता, अखण्डता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा को संकट में डालने या ऐसी सम्भावना के आशय से या आतंक फैलाने के आशय से बमों, विस्फोटकों इत्यादि का उपयोग करके ऐसा कोई कार्य करता है जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु या क्षति या सम्पत्ति इत्यादि की क्षति कारित करता है। *(यदि ऐसे अपराध के परिणाम में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो मृत्यु या आजीवन कारावास और जुर्माना अन्य स्थिति में न्यूनतम 05 वर्ष जो आजीवन कारावास तक हो सकती है और जुर्माना)*
10	धारा 152	**भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को प्रभावित करने वाले कार्य** – जो कोई प्रयोजनपूर्वक या जानबूझकर बोले गये या लिखे गये शब्दों द्वारा दृश्यरूपण या इलैक्ट्रानिक माध्यम से या अन्यथा

		अलगाव या सशस्त्र विद्रोह या विध्वंसक क्रिया कलापों को करता है या प्रयास करता है जिससे भारत की सम्प्रभुता, एकता एवं अखण्डता को खतरे में डालता है। *(आजीवन कारावास या 07 वर्ष तक की सजा और जुर्माना)*
11	धारा 226	किसी लोक सेवक को विवश करने या विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने से रोकने के लिए आत्महत्या का प्रयास। *(01 वर्ष की सजा या जुर्माना या दोनों या सामुदायिक सेवा से दण्डनीय)* *टिप्पणी – विधि विरुद्ध शक्ति का प्रयोग करने या प्रयोग करने से विरत रहने के लिए आत्महत्या का प्रयास।* *यद्यपि 309 IPC को नवीन संहिता में समाप्त कर दिया गया है किन्तु कतिपय व्यक्ति लोक सेवक से अपनी अनुचित माँगो को मनवाने के लिए आत्म हत्या का प्रयत्न करते हैं जिससे डरकर सरकारी सेवक अनुचित माँगो को मान ले अतः इस कृत्य को रोकने के लिए इस नवीन धारा को जोड़ा गया है।*
12	धारा 303 (2) परन्तुक	भारतीय न्याय संहिता के परन्तुक में प्रावधान किया गया है कि जहां चोरी की गयी सम्पत्ति का मूल्य पांच हजार रूपये से कम है और व्यक्ति पहली बार के लिए दोष सिद्ध किया गया है, चोरी की गयी सम्पत्ति के वापस करने पर या सम्पत्ति को प्रत्यावर्तित करने पर उसे सामुदायिक सेवा से दण्डनीय किया जायेगा।
13	धारा 304 –	स्नेचिंग। *(03 वर्ष तक की सजा और जुर्माना)* *टिप्पणी –झपटमारी - (1) चोरी "झपटमारी" है यदि चोरी करने के लिए अपराधी अचानक या शीघ्रता से या बलपूर्वक किसी व्यक्ति से या उसके कब्जे से किसी जंगम संपत्ति को अधिग्रहण कर लेता है या प्राप्त कर लेता है या छीन लेता है या ले लेता है।* *(2) जो कोई झपटमारी करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से (जिसकी अवधि तीन वर्ष तक हो सकेगी) दण्डित किया जाएगा और वह जुर्माने का भी दायी होगा।*
14	धारा 324 (3)	रिष्टि द्वारा सरकारी या स्थानीय प्राधिकरण की सम्पत्ति सहित किसी सम्पत्ति की हानि या क्षति *(01 वर्ष तक के दोनो में से किसी भांति के कारावास या जुर्माना या दोनो)*
15	धारा 324 (5)	रिष्टि द्वारा एक लाख रूपये या उससे अधिक की राशि की हानि या नुकसान *(05 वर्ष तक के दोनों भांति के कारावास या जुर्माना या दोनो)*
16	धारा – 358	निरसन और व्यावृत्ति

भाग ' ख '

भारतीय दण्ड संहिता 1860 के वह प्रावधान जो भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित नहीं हैं

भारतीय दण्ड संहिता 1860		भारतीय न्याय संहिता 2023
धारा	शीर्षक	
13	"क्वीन की परिभाषा" **(निरसित)**	नई संहिता में परिभाषित नहीं है।
14	"सरकार का सेवक"	
15	"ब्रिटिश इण्डिया" की परिभाषा **(निरसित)**	
16	"गवर्नमेण्ट ऑफ इण्डिया" की परिभाषा **(निरसित)**	
18	"भारत"	
50	"धारा"	
53 क	निर्वासन के प्रति निर्देश का अर्थ लगाना	
56	यूरोपियों तथा अमरीकियों को कठोर श्रम कारावास का दण्डादेश दस वर्ष से अधिक किन्तु जो आजीवन कारावास से अधिक न हो, दण्डादेश के सम्बन्ध में परन्तुक **(निरसित)**	
58	निर्वासन से दण्डादिष्ट अपराधियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, जब तक वे निर्वासित न कर दिए जाएँ **(निरसित)**	
59	कारावास के बदले निर्वासन दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 26) की धारा 117 और अनुसूची द्वारा 1 जनवरी, 1956 से **(निरसित)**	
61	सम्पत्ति के समपहण का दण्डादेश भारतीय दण्ड संहिता के समपहण का दण्डादेश भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा **(निरसित)**	
62	मृत्यु, निर्वासन या कारावास से दण्डनीय अपराधियों की बाबत सम्पत्ति का समपहण भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा **(निरसित)**	
124 क	राजद्रोह	**संहिता में राजद्रोह का प्रावधान नहीं है। (नई धारा 152)**
138 क	पूर्वोक्त धाराओं का भारतीय सामुद्रिक सेवा को लागू होना **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**

अध्याय–9 (लोक सेवकों द्वारा या उनसे सम्बन्धित अपराधों के विषय में)		
161	वैध पारिश्रमिक से भिन्न परितोषण का लोक सेवक द्वारा पदीय कार्य के लिए लिया जाना **(निरसित)**	
162	लोक सेवक पर भ्रष्ट या अवैध साधनों द्वारा असर डालने के लिए परितोषण का लेना **(निरसित)**	
163	लोक सेवक पर वैयक्तिक असर डालने के लिए परितोषण का लेना**(निरसित)**	
164	धारा 162 या 163 में परिभाषित अपराधों के लोक सेवक द्वारा दुष्प्रेरण के लिए दण्ड **(निरसित)**	
165	लोक-सेवक जो ऐसे लोक सेवक द्वारा की गई कार्यवाही या कारबार से सम्पृक्त व्यक्ति से, प्रतिफल के बिना, मूल्यवान चीज अभिप्राप्त करता है **(निरसित)**	
165 क	धारा 161 या धारा 165 में परिभाषित अपराधों के दुष्प्रेरण के लिए दण्ड **(निरसित)**	
216 ख	धारा 212, 216 और धारा 216-क में "संश्रय" की परिभाषा **(निरसित)**	
226	निर्वासन से विधि-विरुद्ध वापसी दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 26) की धारा 117 और अनुसूची द्वारा (1 जनवरी, 1956 से) **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**
अध्याय 13 बाटों और मापों से सम्बन्धित अपराधों के विषय में		
236	भारत से बाहर सिक्के के कूटकरण का भारत में दुष्प्रेरण	
264	तोलने के लिए खोटे उपकरणों का कपटपूर्वक उपयोग	
265	खोटे बाँट या माप का कपटपूर्वक उपयोग	
266	खोटे बाँट या माप को कब्जे में रखना	
267	खोटे बाँट या माप का बनाना या बेचना	
309	आत्महत्या करने का प्रयत्न	
310	ठग	
311	दण्ड	
377	प्रकृति विरुद्ध अपराध (नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ में मा0 उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 14, 15, 19, व 21 का उल्लघन माना है, जिसके तहत वर्तमान अधिनियम में इस अपराध को सम्पाप्त कर दिया गया है)	
478	व्यापार चिह्न **(निरसित)**	**संहिता में**

480	मिथ्या व्यापार चिह्न का प्रयोग किया जाना **(निरसित)**	**प्रावधान नहीं है।**
490	समुद्र यात्रा या यात्रा के दौरान सेवा भंग कर्मकार (निरसन) अधिनियम, 1925 (1925 का 3) की धारा 2 और अनुसूची द्वारा **(निरसित)**	
492	दूर वाले स्थान पर सेवा करने का संविदा भंग जहाँ सेवक को मालिक के खर्चे पर ले जाया जाता है **(निरसित)**	
497	जारकर्म (जोसफ साइन बनाम भारत संघ में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 14, 15, 21 का उल्लघन माना है, जिसके तहत वर्तमान अधिनियम में इस अपराध को सम्पाप्त कर दिया गया है)	

<u>नोट –</u>

1 – भारतीय दण्ड संहिता 1860 के कुछ प्रावधान समय – समय पर यथासंशोधित निरसित किये जा चुके थे, जिससे सम्बन्धित प्रावधान नई संहिता में प्रावधानित नहीं हैं, जो निम्नवत हैं –
धारा 13, 15, 16, 56, 58, 59, 61, 62, 138 क, 161 से 165 क तक, 216 ख, 226, 478, 480, 490, 492.

2 – भारतीय दण्ड संहिता 1860 के कुछ प्रावधान नई संहिता में प्रावधानित नहीं हैं, जो निम्नवत हैं –
धारा 14, 18, 50, 53 क, 124 क, 236, धारा 264 से धारा 267 तक, धारा 309, धारा 310, धारा 311, धारा 377, धारा 497.

भाग ' ग '

भारतीय दण्ड संहिता के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 में प्रावधानित किये गये हैं

क्र0स0	B.N.S. की धारा	टिप्पणी
1	धारा 2(10)	"लिंग" की परिभाषा में संशोधन कर ट्रान्सजेन्डर को सम्मिलित किया गया है, ट्रान्सजेन्डर का वही अर्थ होगा जो ट्रान्सजेन्डर व्यक्ति (अधिकार का संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा 2 (ट) में दी गयी है।
2	धारा 4	"दण्ड" BNS में "सामुदायिक सेवा" को दण्ड के रूप में प्रावधानित किया गया है, जो एक नयी तरह की सजा है। सामुदायिक सेवा का दण्ड निम्न मामलों में दिया जा सकता है- धारा 202- लोक सेवक जो विधि विरुद्ध रुप से व्यापार में लगा है, धारा-209- उदघोषणा के जवाब मे गैरहाजिर होना, धारा-226- विधिविरुद्ध शक्ति का प्रयोग करने या विरत रहने के लिए आत्महत्या का प्रयत्न, धारा-303(2)- 5000 से कम मूल्य की चोरी के मामले में, धारा-355- मत्त व्यक्ति द्वारा लोक स्थान में अवचार, धारा-356(2)- मानहानि
3	धारा 27, 107	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 89, 305 में विकृत्तचित व्यक्ति की जगह BNS की धारा 27, 107 में विक्षिप्त व्यक्ति कर दिया गया है।
4	धारा 70 (2)	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 D A व धारा 376 D B (गैंग रेप) में क्रमशः 16 वर्ष व 12 वर्ष की जगह BNS की धारा 70(2) में 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ गैंग रेप करने पर – मत्यु दण्ड तक की सजा का प्रावधान किया गया है।
5	धारा 73	न्यायालय की बिना अनुमति के न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही के प्रकाशन पर रोक *(महिलाओं से सम्बन्धित अपराध धारा – 64 से 71 BNS तक केमामले में) (02 वर्ष तक की सजा और जुर्माना)*
6	धारा 96	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 क अप्राप्तव्य लड़की का उपापन की जगह BNS की धारा 96 में बालक का उपापन किया गया है। (लिंग विभेद को समाप्त किया है)
7	धारा 98 व 99	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 372 व 373 में वेश्यावृत्ति आदि के

क्र0स0	B.N.S. की धारा	टिप्पणी
		प्रयोजन के लिए अप्राप्तव्य का बेचना या खरीदना की जगह BNS की धारा 98, 99 में बालक शब्द का प्रयोग किया गया है
8	धारा 116	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 320 घोर उपहति के आठवें खण्ड में 20 दिन की जगह BNS की धारा 116 के आठवें खण्ड में 15 दिन कर दिया गया है।
9	धारा 117(3)	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 घोर उपहति में 07 वर्ष तक की सजा थी, जबकि BNS की धारा 117 (3) में घोर उपहति केअपराध के करने में किसी व्यक्ति का स्थायी विकलांगीकरण हो जाता है तो आजीवन कारावास तक की सजा से दण्डनीय बनाया गया है।
10	धारा 141	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 ख विदेश से *लड़की* का आयात करना की जगह BNS की धारा 141 में विदेश से *बालक या बालिका* का आयात करना कर दिया गया है।
11	धारा 153	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 125 में एशियाई शक्ति की जगह भारतीय न्याय संहिता की धारा 153 विदेशी राज्य स्थापित किया गया है।
12	धारा 249	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 212 अपराधी को संश्रय देना के स्पष्टीकरण में पति – पत्नी की जगह BNS की धारा 249 के स्पष्टीकरण में **स्पाउस** शब्द कर दिया गया है।
13	धारा 268	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 229 *जूरी या ऐसेसर* के प्रतिरूपण की जगह BNS की धारा 268 में *ऐसेसर* का प्रतिरूपण कर दिया गया है। भारत में जूरी पद्धति लागू नहीं है।
14	धारा 295	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 293 में ***तरूण व्यक्ति*** (20 वर्ष से कम की आयु का) को अश्लील पुस्तकों आदि का विक्रय की जगह BNS की धारा 295 में ***बालक** (18 वर्ष से कम आयु का)* को अश्लील पुस्तकों आदि का विक्रय कर दिया गया है।
15	धारा 305	भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 में *निवास–गृह या यातायात के साधन या पूजा स्थल आदि* में चोरी के दण्ड का प्रावधान किया गया है। टिप्पणी – निवास गृह में चोरी में यातायात के साधन, पूजा स्थल आदि में की गयी चोरी को सम्मिलित किया गया है।
16	धारा 308	भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 में उद्दापन करने पर, 07 वर्ष तक के कारावास या जुर्माना या दोनों भांति के दण्ड से दण्डनीय बनाया गया है जबकि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 384 के तहत

क्र0स0	B.N.S. की धारा	टिप्पणी
		उद्दापन को 03 वर्ष तक के कारावास या जुर्माना या दोंनो से दण्डनीय बनाया गया था।
17	धारा 313	भारतीय न्याय संहिता की धारा 313 में *चोरों की टोली* के साथ *लुटेरों की टोली* का होने के लिए भी दण्ड का प्रावधान किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 401 में मात्र चोरों की टोली का होना दण्डनीय बनाया गया था।
18	धारा 317(1)	भारतीय न्याय संहिता की धारा 317 (1) में चुराई हुई सम्पत्ति में छल से प्राप्त सम्पत्ति को भी सम्मिलित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 410 में छल से प्राप्त सम्पत्ति सम्मिलित नहीं थी।
19	धारा 327	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 437 में तल्लायुक्त जलयान के अतिरिक्त BNS की धारा 327 में रेल, वायुयान को भी सम्मिलित किया गया है।
20	धारा 340(1)	भारतीय दण्ड संहिता की धारा 470 में *"कूटरचना"* की परिभाषा में संशोधन कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 340 (1) में *"इलैक्ट्रानिक दस्तावेजों के कूटरचना"* को भी सम्मिलित किया गया है।
21	नोट	कतिपय धाराओं में सजा / जुर्माना बढ़ा दिया गया है, जिसका विवरण अलग से दी गयी निम्नवत तालिका में उदाहरणस्वरूप उल्लिखित है।

सजा / जुर्माने में हुए संशोधन से सम्बन्धित प्रावधान

क्र0सं0	भारतीय दण्ड संहिता 1860	भारतीय न्याय संहिता 2023
1	**धारा-117** – लोक साधारण द्वारा या 10 से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध किये जाने का दुष्प्रेरण **सजा - 03 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा-57** – लोक साधारण द्वारा या 10 से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध किये जाने का दुष्प्रेरण **सजा - 07 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना**
2	**धारा-373** – वैश्यावृत्ति आदि के प्रयोजन के लिए अप्राप्तव्य को खरीदना के अपराध **सजा - 10 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना**	**धारा-99** – वैश्यावृत्ति आदि के प्रयोजन के लिए अप्राप्तव्य को खरीदना के अपराध **सजा - 07 वर्ष से कम नहीं किन्तु 14 वर्ष तक हो सकेगा और जुर्माना**

3	**धारा-303-** आजीवन सिद्धदोष द्वारा हत्या के लिए दण्ड के अपराध **सजा – मृत्युदण्ड**	**धारा-104-** आजीवन सिद्धदोष द्वारा हत्या के लिए दण्ड के अपराध **सजा– मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास**
4	**धारा-304-** हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध **पैरा – 1 – सजा – आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना** **पैरा – 2 – सजा – 10 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा-105-** हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध **पैरा – 1 – सजा – आजीवन कारावास या 05 वर्ष से कम का नही जो 10 वर्ष तक का कारावास हो सकेगा और जुर्माना** **पैरा – 2 – सजा – 10 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना**
5	**धारा-304A-** उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने का अपराध **सजा - 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा-106(1)-** उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने का अपराध **सजा - 05 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना**
6	**धारा-343-** 03 या अधिक दिनों के लिए, सदोष परिरोध का अपराध **सजा- 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा- 127(3)-** 03 या अधिक दिनों के लिए, सदोष परिरोध का अपराध **सजा- 03 वर्ष तक का कारावास या 10000/- रूपये तका का जुर्माना या दोनों**
7	**धारा-344-** 10 या अधिक दिनों के लिए, सदोष परिरोध का अपराध **सजा- 03 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना**	**धारा-127(4) -** 10 या अधिक दिनों के लिए, सदोष परिरोध का अपराध **सजा- 05 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना जो 10000/- से कम का नहीं होगा**
8	**धारा-406** – आपराधिक न्यासभंग **सजा- 03 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा-316(2)** – आपराधिक न्यासभंग **सजा- 05 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**
9	**धारा-418** – इस ज्ञान के साथ छल करना कि उस व्यक्ति को सदोष हानि हो जिसका हित संरक्षित करने के लिए अपराधी आबद्ध है	**धारा-318(3)** – इस ज्ञान के साथ छल करना कि उस व्यक्ति को सदोष हानि हो जिसका हित संरक्षित करने के लिए अपराधी आबद्ध है

	सजा- 03 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों	**सजा- 05 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**
10	**धारा-323-** स्वेच्छया उपहति कारित करने के लिए दण्ड **सजा- 01 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना जो 1000/- रूपये तक हो सकेगा या दोनों**	**धारा-115(2)-** स्वेच्छया उपहति कारित करने के लिए दण्ड **सजा- 01 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना जो 10000/- रूपये तक हो सकेगा या दोनों**
11	**धारा-148-** घातक आयुध से सुसज्जित होकर बलवा करने के लिए दण्ड **सजा- 03 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा-191(3)-** घातक आयुध से सुसज्जित होकर बलवा करने के लिए दण्ड **सजा- 05 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**
12	**धारा-182-** इस आशय से मिथ्या इत्तिला देना कि लोकसेवक अपनी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग किसी दूसरे व्यक्ति को क्षति करने के लिए करे **सजा- छः माह तक का कारावास या जुर्माना जो 1000/- रूपये तक हो सकेगा या दोनों**	**धारा-217-** इस आशय से मिथ्या इत्तिला देना कि लोकसेवक अपनी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग किसी दूसरे व्यक्ति को क्षति करने के लिए करे **सजा- 01 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना जो 10000/- रूपये तक हो सकेगा या दोनों**
13	**धारा 426** – रिष्टि के लिए दण्ड **सजा- तीन माह तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा 324(2)** – रिष्टि के लिए दण्ड **सजा- छः माह तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**
14	**धारा–427**– 50 रूपये तक की सम्पत्ति की रिष्टि **सजा- 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा–427**– 20000/- रूपये से लेकर 100000/- से कम तक की सम्पत्ति की रिष्टि **सजा- 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**
15	**धारा 428** – 10 रुपये के मूल्य के जीव-जन्तु का वध करने या उसे विकलांग करने की रिष्टि **सजा- 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**	**धारा 325** – किसी जीव जन्तु या ढोर की रिष्टि **सजा- 05 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों**

भाग ' घ '

भारतीय दण्ड संहिता 1860 व भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण

<table>
<tr><th colspan="2">भारतीय दण्ड संहिता 1860</th><th colspan="3">भारतीय न्याय संहिता 2023</th></tr>
<tr><th>धारा</th><th>शीर्षक</th><th colspan="2">धारा</th><th>शीर्षक</th></tr>
<tr><td colspan="2">अध्याय–1(प्रस्तावना)</td><td colspan="3">अध्याय–1(प्रस्तावना)</td></tr>
<tr><td>1</td><td>संहिता का नाम और उसके प्रवर्तन का विस्तार</td><td colspan="2" rowspan="5">1</td><td rowspan="5">संक्षिप्त शीर्षक, प्रारम्भ व लागू होना
(पुरानी धारा 1 से धारा 5 तक)</td></tr>
<tr><td>2</td><td>भारत के भीतर किए गए अपराधों का दण्ड</td></tr>
<tr><td>3</td><td>भारत से परे किए गए किन्तु उसके भीतर विधि के अनुसार विचारणीय अपराधों का दण्ड</td></tr>
<tr><td>4</td><td>राज्यक्षेत्रातीत अपराधों पर संहिता का विस्तार</td></tr>
<tr><td>5</td><td>कुछ विधियों पर इस अधिनियम द्वारा प्रभाव न डाला जाना</td></tr>
<tr><td colspan="2">अध्याय–2(साधारण स्पष्टीकरण)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>6</td><td>संहिता में की परिभाषाओं का अपवादों के अध्यधीन समझा जाना</td><td rowspan="2">3</td><td>(1)</td><td>संहिता में की परिभाषाओं का अपवादों के अध्यधीन समझा जाना</td></tr>
<tr><td>7</td><td>एक बार स्पष्टीकृत पद का भाव</td><td>(2)</td><td>एक बार स्पष्टीकृत पद का भाव</td></tr>
<tr><td>8</td><td>"लिंग"</td><td colspan="2">2 (10)</td><td>"लिंग" (संशोधित)***</td></tr>
<tr><td>9</td><td>"वचन" (संख्या)</td><td colspan="2">2 (22)</td><td>"वचन" (संख्या)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">10</td><td>"पुरुष"</td><td colspan="2">2 (19)</td><td>"पुरुष"</td></tr>
<tr><td>"स्त्री"</td><td colspan="2">2 (35)</td><td>"स्त्री"</td></tr>
<tr><td>11</td><td>"व्यक्ति"</td><td colspan="2">2 (26)</td><td>"व्यक्ति"</td></tr>
<tr><td>12</td><td>"लोक"</td><td colspan="2">2 (27)</td><td>"लोक"</td></tr>
<tr><td>13</td><td>"क्वीन की परिभाषा" (निरसित)</td><td colspan="3" rowspan="2">नई संहिता में परिभाषित नहीं है।</td></tr>
<tr><td>14</td><td>"सरकार का सेवक"</td></tr>
</table>

15	"ब्रिटिश इण्डिया" की परिभाषा **(निरसित)**	**नई संहिता में परिभाषित नहीं है।**	
16	"गवर्नमेण्ट ऑफ इण्डिया" की परिभाषा **(निरसित)**		
17	"सरकार"	2 (12)	"सरकार"
18	"भारत"	**नई संहिता में परिभाषित नहीं है।**	
19	"न्यायाधीश"	2 (16)	"न्यायाधीश"
20	"न्यायालय"	2 (5)	"न्यायालय"
21	"लोक सेवक"	2 (28)	"लोक सेवक"
22	"जंगम सम्पत्ति"	2 (21)	"जंगम सम्पत्ति"
23	"सदोष अभिलाभ" "सदोष हानि" "सदोष अभिलाभ प्राप्त करना व सदोष हानि उठाना"	2 (36)	"सदोष अभिलाभ"
		2 (37)	"सदोष हानि"
		2 (38)	"सदोष अभिलाभ प्राप्त करना व सदोष हानि उठाना"
24	"बेईमानी से"	2 (7)	"बेईमानी से"
25	"कपटपूर्ण"	2 (9)	"कपटपूर्ण"
26	"विश्वास करने का कारण"	2 (29)	"विश्वास करने का कारण"
27	"पत्नी, लिपिक या सेवक के कब्जे में सम्पत्ति"	3 (3)	"पत्नी, लिपिक या सेवक के कब्जे में सम्पत्ति" (नोट–पत्नी की जगह स्पाउस कर दिया गया) (संशोधित)***
28	"कूटकरण"	2 (4)	"कूटकरण"
29	"दस्तावेज"	2 (8)	"दस्तावेज"
29क	"इलैक्ट्रानिक अभिलेख"		"इलैक्ट्रानिक अभिलेख" (नोट – एक ही धारा में दोनों परिभाषित कर दिये गये हैं)
30	"मूल्यवान प्रतिभूति"	2 (31)	"मूल्यवान प्रतिभूति"
31	"वसीयत"	2 (34)	"वसीयत"
32	कार्यों का निर्देश करने वाले शब्दों के अन्तर्गत अवैध लोप आता है	3 (4)	कार्यों का निर्देश करने वाले शब्दों के अन्तर्गत अवैध लोप आता है

33	"कार्य", "लोप"	2 (1)	"कार्य"
		2 (25)	"लोप"
34	सामान्य आशय को अग्रसर करने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य	3 (5)	सामान्य आशय को अग्रसर करने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य
35	जब कि ऐसा कार्य इस कारण आपराधिक है कि वह आपराधिक ज्ञान या आशय से किया गया है	3 (6)	जब कि ऐसा कार्य इस कारण आपराधिक है कि वह आपराधिक ज्ञान या आशय से किया गया है
36	अंशतः कार्य द्वारा और अंशतः लोप द्वारा कारित परिणाम	3 (7)	अंशतः कार्य द्वारा और अंशतः लोप द्वारा कारित परिणाम
37	किसी अपराध को गठित करने वाले कई कार्यों में से किसी एक को करके सहयोग करना	3 (8)	किसी अपराध को गठित करने वाले कई कार्यों में से किसी एक को करके सहयोग करना
38	आपराधिक कार्य में संयुक्त व्यक्ति विभिन्न अपराधों के दोषी हो सकेंगे	3 (9)	आपराधिक कार्य में संयुक्त व्यक्ति विभिन्न अपराधों के दोषी हो सकेंगे
39	"स्वेच्छया"	2 (33)	"स्वेच्छया"
40	"अपराध"	2 (24)	"अपराध"
41	"विशेष विधि"	2 (30)	"विशेष विधि"
42	"स्थानीय विधि"	2 (18)	"स्थानीय विधि"
43	"अवैध" "करने के लिए वैध रूप से आबद्ध"	2 (15)	"अवैध" "करने के लिए वैध रूप से आबद्ध"
44	"क्षति"	2 (14)	"क्षति"
45	"जीवन"	2 (17)	"जीवन"
46	"मृत्यु"	2 (6)	"मृत्यु"
47	"जीवजन्तु"	2 (2)	"जीवजन्तु"
48	"जलयान"	2 (32)	"जलयान"
49	"वर्ष", "मास"	2 (20)	"वर्ष", "मास"
50	"धारा"	**नई संहिता में परिभाषित नहीं है।**	
51	"शपथ"	2 (23)	"शपथ"
52	"सद्भावपूर्वक"	2 (11)	"सद्भावपूर्वक"

52 क	"संश्रय"	2 (13)	"संश्रय"
अध्याय –3 (दंडो के विषय में)		**अध्याय – 2 (दंडो के विषय में)**	
53	"दण्ड"	4	"दण्ड" (संशोधित)***
53 क	निर्वासन के प्रति निर्देश का अर्थ लगाना	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**	
54	मृत्यु दण्डादेश का लघुकरण	5	संहिता के तहत दिया गया कोई भी दण्ड
55	आजीवन कारावास के दण्डादेश का लघुकरण		
55 क	"समुचित" सरकार की परिभाषा		स्पष्टीकरण –"समुचित" सरकार की परिभाषा
56	यूरोपियों तथा अमरीकियों को कठोर श्रम कारावास का दण्डादेश दस वर्ष से अधिक किन्तु जो आजीवन कारावास से अधिक न हो, दण्डादेश के सम्बन्ध में परन्तुक **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**	
57	दण्डाविधियों की भिन्नें	6	दण्डाविधियों की भिन्नें
58	निर्वासन से दण्डादिष्ट अपराधियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, जब तक वे निर्वासित न कर दिए जाएँ **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**	
59	कारावास के बदले निर्वासन दण्ड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 26) की धारा 117 और अनुसूची द्वारा 1 जनवरी, 1956 से **(निरसित)**		
60	दण्डादिष्ट कारावास के कतिपय मामलों में सम्पूर्ण कारावास या उसका कोई भाग कठिन या सादा हो सकेगा	7	दण्डादिष्ट कारावास के कतिपय मामलों में सम्पूर्ण कारावास या उसका कोई भाग कठिन या सादा हो सकेगा
61	सम्पत्ति के समपहरण का दण्डादेश भारतीय दण्ड संहिता के समपहरण	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**	

	का दण्डादेश भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**	
62	मृत्यु, निर्वासन या कारावास से दण्डनीय अपराधियों की बाबत सम्पत्ति का समपहरण भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1921 (1921 का 16) की धारा 4 द्वारा **(निरसित)**		
63	जुर्माने की रकम	8	जुर्माने की रकम जुर्माना आदि देने में व्यतिक्रम नोट – भारतीय दण्ड संहिता की धारा 63 से 70 तक का प्रावधान धारा 8 में समाहित कर दिया गया है।
64	जुर्माना न देने पर कारावास का दण्डादेश		
65	जबकि कारावास और जुर्माना दोनों आदिष्ट किए जा सकते हैं, तब जुर्माना न देने पर कारावास की अवधि		
66	जुर्माना न देने पर किस भाँति का कारावास दिया जाए		
67	जुर्माना न देने पर कारावास, जबकि अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय हो		
68	जुर्माना देने पर कारावास का पर्यवसान हो जाना		
69	जुर्माने के आनुपातिक भाग के दिए जाने की दशा में कारावास का पर्यवसान		
70	जुर्माने का छह वर्ष के भीतर या कारावास के दौरान में उदग्रहणीय होना		
71	कई अपराधों से मिलकर बने अपराध के लिए दण्ड की अवधि	9	कई अपराधों से मिलकर बने अपराध के लिए दण्ड की अवधि
72	कई अपराधों में से एक के दोषी	10	कई अपराधों में से एक के दोषी

	व्यक्ति के लिए दण्ड जबकि निर्णय में यह कथित है कि यह सन्देह है कि वह किस अपराध का दोषी है		व्यक्ति के लिए दण्ड जबकि निर्णय में यह कथित है कि यह सन्देह है कि वह किस अपराध का दोषी है
73	एकांत परिरोध	11	एकांत परिरोध
74	एकांत परिरोध की अवधि	12	एकांत परिरोध की अवधि
75	पूर्व दोषसिद्धि के पश्चात अध्याय 12 या अध्याय 17 के अधीन कतिपय अपराधों के लिए वर्धित दण्ड	13	पूर्व दोषसिद्धि के पश्चात अध्याय 10 या अध्याय 17 के अधीन कतिपय अपराधों के लिए वर्धित दण्ड
अध्याय– 4 (साधारण अपवाद)		**अध्याय– 3 (साधारण अपवाद)**	
76	विधि द्वारा आबद्ध या तथ्य की भूल के कारण अपने आप को विधि द्वारा आबद्ध होने का विश्वास करने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य	14	विधि द्वारा आबद्ध या तथ्य की भूल के कारण अपने आप को विधि द्वारा आबद्ध होने का विश्वास करने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य
77	न्यायिकतः कार्य करते हुए न्यायाधीश का कार्य	15	न्यायिकतः कार्य करते हुए न्यायाधीश का कार्य
78	न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में किया गया कार्य	16	न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में किया गया कार्य
79	विधि द्वारा न्यायानुमत या तथ्य की भूल से अपने को विधि द्वारा न्यायानुमत होने का विश्वास करने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य	17	विधि द्वारा न्यायानुमत या तथ्य की भूल से अपने को विधि द्वारा न्यायानुमत होने का विश्वास करने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य
80	विधिपूर्ण कार्य करने में दुर्घटना	18	विधिपूर्ण कार्य करने में दुर्घटना
81	कार्य, जिससे अपहानि कारित होना सम्भाव्य है, किन्तु जो आपराधिक आशय के बिना और अन्य अपहानि के निवारण के लिए किया गया है	19	कार्य, जिससे अपहानि कारित होना सम्भाव्य है, किन्तु जो आपराधिक आशय के बिना और अन्य अपहानि के निवारण के लिए किया गया है
82	सात वर्ष से कम आयु के शिशु का कार्य	20	सात वर्ष से कम आयु के शिशु का कार्य
83	सात वर्ष से ऊपर किन्तु बारह वर्ष	21	सात वर्ष से ऊपर किन्तु बारह वर्ष

	से कम आयु के अपरिपक्व समझ के शिशु का कार्य		से कम आयु के अपरिपक्व समझ के शिशु का कार्य
84	विकृतचित्त व्यक्ति का कार्य	22	विकृतचित्त व्यक्ति का कार्य
85	ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुँचने में असमर्थ है	23	ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुँचने में असमर्थ है
86	किसी व्यक्ति द्वारा, जो मत्तता में है, किया गया अपराध जिसमें विशेष आशय या ज्ञान का होना अपेक्षित है	24	किसी व्यक्ति द्वारा, जो मत्तता में है, किया गया अपराध जिसमें विशेष आशय या ज्ञान का होना अपेक्षित है
87	सम्मति से किया गया कार्य जिसके मृत्यु या घोर उपहति कारित करने का आशय न हो और न उसकी सम्भाव्यता का ज्ञान हो	25	सम्मति से किया गया कार्य जिसके मृत्यु या घोर उपहति कारित करने का आशय न हो और न उसकी सम्भाव्यता का ज्ञान हो
88	किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सम्मति से सद्भावपूर्वक किया गया कार्य जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं है	26	किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सम्मति से सद्भावपूर्वक किया गया कार्य जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं है
89	संरक्षक द्वारा या उसकी सम्मति से शिशु या विकृतचित्त व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य	27	संरक्षक द्वारा या उसकी सम्मति से शिशु या विकृतचित्त व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य (संशोधित)***
90	सम्मति, जिसके सम्बन्ध में यह ज्ञात हो कि वह भय या भ्रम के अधीन दी गई है	28	सम्मति, जिसके सम्बन्ध में यह ज्ञात हो कि वह भय या भ्रम के अधीन दी गई है
91	ऐसे कार्यों का अपवर्जन जो कारित अपहानि के बिना भी स्वतः अपराध है	29	ऐसे कार्यों का अपवर्जन जो कारित अपहानि के बिना भी स्वतः अपराध है
92	सम्मति के बिना किसी व्यक्ति के फायदे के लिये सद्भावपूर्वक किया गया कार्य	30	सम्मति के बिना किसी व्यक्ति के फायदे के लिये सद्भावपूर्वक किया गया कार्य

93	सद्भावपूर्वक दी गई संसूचन	31	सद्भावपूर्वक दी गई संसूचन
94	वह कार्य जिसको करने के लिए व्यक्ति धमकियों द्वारा विवश किया गया है	32	वह कार्य जिसको करने के लिए व्यक्ति धमकियों द्वारा विवश किया गया है
95	तुच्छ अपहानि कारित करने वाला कार्य	33	तुच्छ अपहानि कारित करने वाला कार्य
प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के विषय में		**प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के विषय में**	
96	प्राइवेट प्रतिरक्षा में की गई बातें	34	प्राइवेट प्रतिरक्षा में की गई बातें
97	शरीर तथा सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार	35	शरीर तथा सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार
98	ऐसे व्यक्ति के कार्य के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार जो विकृतचित्त आदि हो	36	ऐसे व्यक्ति के कार्य के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार जो विकृतचित्त आदि हो
99	कार्य, जिसके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है	37	कार्य, जिसके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है
100	शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने पर कब होता है	38	शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने पर कब होता है
101	कब ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का होता है	39	कब ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का होता है
102	शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रारम्भ और बना रहना	40	शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रारम्भ और बना रहना
103	कब सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक का होता है	41	कब सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक का होता है
104	ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का कब होता है	42	ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का कब होता है
105	संपत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के	43	संपत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के

	अधिकार का प्रारम्भ और बना रहना		अधिकार का प्रारम्भ और बना रहना
106	घातक हमले के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार जबकि निर्दोष व्यक्ति को अपहानि होने की जोखिम है	44	घातक हमले के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार जबकि निर्दोष व्यक्ति को अपहानि होने की जोखिम है
अध्याय– 5 (दुष्प्रेरण के विषय में)		**अध्याय– 4 (दुष्प्रेरण, अपराधिक षडयन्त्र के विषय में)**	
107	किसी बात का दुष्प्रेरण	45	किसी बात का दुष्प्रेरण
108	दुष्प्रेरक	46	दुष्प्रेरक
108 क	भारत के बाहर के अपराधों का भारत में दुष्प्रेरण	47	भारत के बाहर के अपराधों का भारत में दुष्प्रेरण
		48	भारत से बाहर भारत में किये गये अपराध का दुष्प्रेरण (नई धारा)*
109	दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित कार्य उसके परिणाम स्वरूप किया जाए, और जहाँ कि उसके दण्ड के लिए कोई अभिव्यक्त उपबन्ध नहीं है	49	दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित कार्य उसके परिणाम स्वरूप किया जाए, और जहाँ कि उसके दण्ड के लिए कोई अभिव्यक्त उपबन्ध नहीं है
110	दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित व्यक्ति दुष्प्रेरक के आशय से भिन्न आशय से कार्य करता है	50	दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित व्यक्ति दुष्प्रेरक के आशय से भिन्न आशय से कार्य करता है
111	दुष्प्रेरक का दायित्व जब एक कार्य का दुष्प्रेरण किया गया है और उससे भिन्न कार्य किया गया है	51	दुष्प्रेरक का दायित्व जब एक कार्य का दुष्प्रेरण किया गया है और उससे भिन्न कार्य किया गया है
112	दुष्प्रेरक कब दुष्प्रेरित कार्य के लिए और किए गए कार्य के लिए आंकलित दण्ड से दण्डनीय है	52	दुष्प्रेरक कब दुष्प्रेरित कार्य के लिए और किए गए कार्य के लिए आंकलित दण्ड से दण्डनीय है
113	दुष्प्रेरित कार्य से कारित उस प्रभाव के लिए दुष्प्रेरक का दायित्व जो दुष्प्रेरक द्वारा आशायित से भिन्न हो	53	दुष्प्रेरित कार्य से कारित उस प्रभाव के लिए दुष्प्रेरक का दायित्व जो दुष्प्रेरक द्वारा आशायित से भिन्न हो

114	अपराध किये जाते समय दुष्प्रेरक की उपस्थिति	54	अपराध किये जाते समय दुष्प्रेरक की उपस्थिति
115	मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण-यदि अपराध नहीं किया जाता	55	मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण-यदि अपराध नहीं किया जाता
116	कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण-यदि अपराध न किया जाए	56	कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण-यदि अपराध न किया जाए
117	लोक साधारण द्वारा या दस से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध किए जाने का दुष्प्रेरण	57	लोक साधारण द्वारा या दस से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध किए जाने का दुष्प्रेरण
118	मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना	58	मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना
119	किसी ऐसे अपराध के किए जाने की परिकल्पना का लोक-सेवक द्वारा छिपाया जाना, जिसका निवारण करना उसका कर्तव्य है	59	किसी ऐसे अपराध के किए जाने की परिकल्पना का लोक-सेवक द्वारा छिपाया जाना, जिसका निवारण करना उसका कर्तव्य है
120	कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना	60	कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना
अध्याय– 5 क (आपराधिक षडयंत्र)		**अध्याय– 4 (आपराधिक षडयंत्र)**	
120 क	आपराधिक षडयन्त्र की परिभाषा	61 (1)	आपराधिक षडयन्त्र की परिभाषा
120 ख	आपराधिक षडयन्त्र का दण्ड	61 (2)	आपराधिक षडयन्त्र का दण्ड
अध्याय– 6 (राज्य के विरूद्ध अपराधों के विषय में)		**अध्याय– 7 (राज्य के विरूद्धअपराधों के विषय में)**	
121	भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करना या युद्ध करने का प्रयत्न करना या युद्ध करने का दुष्प्रेरण करना	147	भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करना या युद्ध करने का प्रयत्न करना या युद्ध करने का दुष्प्रेरण करना
121 क	धारा 121 द्वारा दण्डनीय अपराधों को करने का षडयन्त्र	148	धारा 147 द्वारा दण्डनीय अपराधों को करने का षडयन्त्र

122	भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध संग्रह करना	149	भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध संग्रह करना
123	युद्ध करने की परिकल्पना को सुकर बनाने के आशय से छिपाना	150	युद्ध करने की परिकल्पना को सुकर बनाने के आशय से छिपाना
124	किसी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने के लिए विवश करने या उसका प्रयोग अवरोधित करने के आशय से राष्ट्रपति, राज्यपाल आदि पर हमला करना	151	किसी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने के लिए विवश करने या उसका प्रयोग अवरोधित करने के आशय से राष्ट्रपति, राज्यपाल आदि पर हमला करना
124 क	राजद्रोह	**संहिता में राजद्रोह का प्रावधान नहीं है। (नई धारा 152)**	
125	भारत सरकार से मैत्री सम्बन्ध रखने वाली किसी एशियाई शक्ति के विरुद्ध युद्ध करना	153	भारत सरकार से मैत्री सम्बन्ध रखने वाली किसी विदेशी राज्य के विरुद्ध युद्ध करना (संशोधित)***
126	भारत सरकार के साथ शान्ति का सम्बन्ध रखने वाली शक्ति के राज्य क्षेत्र में लूटपाट करना	154	भारत सरकार के साथ शान्ति का सम्बन्ध रखने वाली शक्ति के राज्य क्षेत्र में लूटपाट करना
127	धारा 125 और 126 में वर्णित युद्ध या लूटपाट द्वारा ली गई सम्पति प्राप्त करना	155	धारा 153 और 154 में वर्णित युद्ध या लूटपाट द्वारा ली गई सम्पति प्राप्त करना
128	लोक-सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्ध कैदी को निकल भागने देना	156	लोक-सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्ध कैदी को निकल भागने देना
129	उपेक्षा से लोक-सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना	157	उपेक्षा से लोक-सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना
130	ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना	158	ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना
अध्याय– 7 (सेना, नौसेना और वायु सेना से सम्बन्धित अपराधों के विषय में)		**अध्याय – 8 (सेना, नौसेना और वायु सेना से सम्बन्धित अपराधों के विषय में)**	
131	विद्रोह का दुष्प्रेरण या किसी	159	विद्रोह का दुष्प्रेरण या किसी

	सैनिक नौसैनिक या वायुसैनिक को कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करना			सैनिक नौसैनिक या वायुसैनिक को कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करना
132	विद्रोह का दुष्प्रेरण, यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए	160		विद्रोह का दुष्प्रेरण, यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए
133	सैनिक नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अपने वरिष्ठ आफिसर पर जबकि वह आफिसर अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण	161		सैनिक नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अपने वरिष्ठ आफिसर पर जबकि वह आफिसर अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण
134	ऐसे हमले का दुष्प्रेरण, यदि हमला किया जाए	162		ऐसे हमले का दुष्प्रेरण, यदि हमला किया जाए
135	सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अभित्यजन का दुष्प्रेरण	163		सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अभित्यजन का दुष्प्रेरण
136	अभित्याजक को संश्रय देना	164		अभित्याजक को संश्रय देना
137	मास्टर की उपेक्षा से किसी वाणिज्यिक जलयान पर छिपा हुआ अभित्याजक	165		मास्टर की उपेक्षा से किसी वाणिज्यिक जलयान पर छिपा हुआ अभित्याजक
138	सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अनधीनता के कार्य का दुष्प्रेरण	166		सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अनधीनता के कार्य का दुष्प्रेरण
138 क	पूर्वोक्त धाराओं का भारतीय सामुद्रिक सेवा को लागू होना **(निरसित)**	**संहिता में प्रावधान नहीं है।**		
139	कुछ अधिनियमों के अध्यधीन व्यक्ति	167		कुछ अधिनियमों के अध्यधीन व्यक्ति
140	सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक पहनना या टोकन धारण करना	168		सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक पहनना या टोकन धारण करना
अध्याय– 8 (लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराधों के विषय में)		**अध्याय– 11 (लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराधों के विषय में)**		
141	विधि-विरुद्ध जमाव	189	(1)	विधि-विरुद्ध जमाव

142	विधि विरुद्ध जमाव का सदस्य होना	189	(2)	विधि विरुद्ध जमाव का सदस्य होना
143	दण्ड			दण्ड
144	घातक आयुध से सज्जित होकर विधि-विरुद्ध जमाव में सम्मिलित होना	189 (4)		घातक आयुध से सज्जित होकर विधि-विरुद्ध जमाव में सम्मिलित होना
145	किसी विधि-विरुद्ध जमाव में यह जानते हुए कि उसके विखर जाने का समादेश दे दिया गया है, सम्मिलित होना या उसमें बने रहना	189 (3)		किसी विधि-विरुद्ध जमाव में यह जानते हुए कि उसके विखर जाने का समादेश दे दिया गया है, सम्मिलित होना या उसमें बने रहना
146	बल्वा करना	191	(1)	बल्वा करना
147	बल्वा करने के लिए दण्ड		(2)	बल्वा करने के लिए दण्ड
148	घातक आयुध से सज्जित होकर बल्वा करना		(3)	घातक आयुध से सज्जित होकर बल्वा करना
149	विधि-विरुद्ध जमाव का हर सदस्य, सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में किये गए अपराध का दोषी	190		विधि-विरुद्ध जमाव का हर सदस्य, सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में किये गए अपराध का दोषी
150	विधि-विरुद्ध जमाव में सम्मिलित करने के लिए व्यक्तियों का भाड़े पर लेने के प्रति मौनानुकूलता	189 (6)		विधि-विरुद्ध जमाव में सम्मिलित करने के लिए व्यक्तियों का भाड़े पर लेने के प्रति मौनानुकूलता
151	पाँच या अधिक व्यक्तियों के जमाव को विखर जाने का समादेश दिए जाने के पश्चात उसमें जानते हुए सम्मिलित होना या बने रहना	189 (5)		पाँच या अधिक व्यक्तियों के जमाव को विखर जाने का समादेश दिए जाने के पश्चात् उसमें जानते हुए सम्मिलित होना या बने रहना
152	लोक सेवक जब बल्वा इत्यादि को दबा रहा हो, तब उस पर हमला करना या उसे बाधिक करना	195		लोक सेवक जब बल्वा इत्यादि को दबा रहा हो, तब उस पर हमला करना या उसे बाधिक करना
153	बल्वा कराने के आशय से स्वैरिता से प्रकोपन देना - यदि बल्वा	192		बल्वा कराने के आशय से स्वैरिता से प्रकोपन देना - यदि

	किया जाए-यदि बल्वा न किया जाए			बल्वा किया जाए-यदि बल्वा न किया जाए
153 क	धर्म, मूलवंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा, इत्यादि के आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का सम्प्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करता	196		धर्म, मूलवंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा, इत्यादि के आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का सम्प्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करता
153 क क	किसी जलूस में जानबूझकर आयुध ले जाने या किसी सामूहिक ड्रिल या सामूहिक प्रशिक्षण का आयुध सहित संचालन या आयोजन करना या उसमें भाग लेना	196		किसी जलूस में जानबूझकर आयुध ले जाने या किसी सामूहिक ड्रिल या सामूहिक प्रशिक्षण का आयुध सहित संचालन या आयोजन करना या उसमें भाग लेना
153 ख	राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, प्राख्यान	197		राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, प्राख्यान
154	उस भूमि का स्वामी या अधिभोगी, जिस पर विधि-विरुद्ध जमाव किया गया है	193	(1)	उस भूमि का स्वामी या अधिभोगी, जिस पर विधि-विरुद्ध जमाव किया गया है
155	उस व्यक्ति का दायित्व, जिसके फायदे के लिए बल्वा किया जाता है		(2)	उस व्यक्ति का दायित्व, जिसके फायदे के लिए बल्वा किया जाता है
156	उस स्वामी या अधिभोगी के अभिकर्ता का दायित्व, जिसके फायदे के लिए बल्वा किया जाता है		(3)	उस स्वामी या अधिभोगी के अभिकर्ता का दायित्व, जिसके फायदे के लिए बल्वा किया जाता है
157	विधि-विरुद्ध जमाव के लिये भाड़े पर लाए गये व्यक्तियों को संश्रय देना	189 (7)		विधि-विरुद्ध जमाव के लिये भाड़े पर लाए गये व्यक्तियों को संश्रय देना
158	विधि-विरुद्ध जमाव या बल्वे में भाग लेने के लिए भाड़े पर जाना	189 (8& 9)		विधि-विरुद्ध जमाव या बल्वे में भाग लेने के लिए भाड़े पर जाना
159	दंगा	194 (1)		दंगा

160	दंगा करने के लिए दण्ड	194 (2)	दंगा करने के लिए दण्ड
अध्याय– 9 (लोक सेवकों द्वारा या उनसे सम्बन्धित अपराधों के विषय में)		**वर्तमान संहिता में प्रावधान नहीं है**	
161	वैध पारिश्रमिक से भिन्न परितोषण का लोक सेवक द्वारा पदीय कार्य के लिए लिया जाना **(निरसित)**		
162	लोक सेवक पर भ्रष्ट या अवैध साधनों द्वारा असर डालने के लिए परितोषण का लेना **(निरसित)**		
163	लोक सेवक पर वैयक्तिक असर डालने के लिए परितोषण का लेना**(निरसित)**		
164	धारा 162 या 163 में परिभाषित अपराधों के लोक सेवक द्वारा दुष्प्रेरण के लिए दण्ड **(निरसित)**		
165	लोक-सेवक जो ऐसे लोक सेवक द्वारा की गई कार्यवाही या कारबार से सम्पृक्त व्यक्ति से, प्रतिफल के बिना, मूल्यवान चीज अभिप्राप्त करता है **(निरसित)**		
165 क	धारा 161 या धारा 165 में परिभाषित अपराधों के दुष्प्रेरण के लिए दण्ड **(निरसित)**		
166	लोक सेवक जो किसी व्यक्ति को क्षतिकारित करने के आशय से विधि की अवज्ञा करता है	198	लोक सेवक जो किसी व्यक्ति को क्षतिकारित करने के आशय से विधि की अवज्ञा करता है
166 क	लोक सेवक, जो विधि के अधीन के निदेश की अवज्ञा करता है	199	लोक सेवक, जो विधि के अधीन के निदेश की अवज्ञा करता है
166 ख	पीड़ित का उपचार न करने के लिए दण्ड	200	पीड़ित का उपचार न करने के लिए दण्ड
167	लोक सेवक, जो क्षतिकारित करने के आशय से अशुद्ध दस्तावेज	201	लोक सेवक, जो क्षतिकारित करने के आशय से अशुद्ध दस्तावेज

	रचता है		रचता है
168	लोक सेवक, जो विधि विरुद्ध रूप से व्यापार में लगता है	202	लोक सेवक, जो विधि विरुद्ध रूप से व्यापार में लगता है
169	लोक सेवक, जो विधि विरुद्ध रूप से सम्पत्ति क्रय करता है या उसके लिए बोली लगाता है	203	लोक सेवक, जो विधि विरुद्ध रूप से सम्पत्ति क्रय करता है या उसके लिए बोली लगाता है
170	लोक सेवक का प्रतिरूपण	204	लोक सेवक का प्रतिरूपण
171	कपटपूर्ण आशय से लोक सेवक के उपयोग की पोशाक पहनना या टोकन को धारण करना	205	कपटपूर्ण आशय से लोक सेवक के उपयोग की पोशाक पहनना या टोकन को धारण करना
अध्याय– 9 क (निर्वाचन सम्बन्धी अपराधों के विषय में)		**अध्याय– 9 (निर्वाचन सम्बन्धी अपराधों के विषय में)**	
171 क	"अभ्यर्थी" "निर्वाचन अधिकार" परिभाषित	169	"अभ्यर्थी" "निर्वाचन अधिकार" परिभाषित
171 ख	रिश्वत	170	रिश्वत
171 ग	निर्वाचनों में असम्यक असर डालना	171	निर्वाचनों में असम्यक् असर डालना
171 घ	निर्वाचनों में प्रतिरूपण	172	निर्वाचनों में प्रतिरूपण
171 ङ	रिश्वत के लिए दण्ड	173	रिश्वत के लिए दण्ड
171 च	निर्वाचनों में असम्यक असर डालने या प्रतिरूपण के लिए दण्ड	174	निर्वाचनों में असम्यक असर डालने या प्रतिरूपण के लिए दण्ड
171 छ	निर्वाचन के सिलसिले में मिथ्या कथन	175	निर्वाचन के सिलसिले में मिथ्या कथन
171 ज	निर्वाचन के सिलसिले में अवैध संदाय	176	निर्वाचन के सिलसिले में अवैध संदाय
प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

.... (नाम और पता), उस समन के अनुपालन में, जिससे कि उनसे अपेक्षा की गई थी कि वह इस बात का कारण दर्शित करें कि क्यों न वह एक प्रतिभू सहित (या दो प्रतिभुओं सहित, जिनमें से प्रत्येक .... रुपए के लिए प्रतिभू हो) .... रुपए के लिए इस बाबत बंधपत्र लिखें कि वह अर्थात उक्त .... (नाम) .... मास की अवधि के लिए परिशान्ति कायम रखेंगे .... मेरे समक्ष तारीख .... को स्वयं (या अपने प्राधिकृत, अभिकर्ता द्वारा) हाजिर हुए थे; तथा तब उक्त .... (नाम) से यह अपेक्षा करने वाला आदेश किया गया था कि वह ऐसी प्रतिभूति (जब आदिष्ट प्रतिभूति समन में उल्लिखित प्रतिभूति से भिन्न है, तब आदिष्ट प्रतिभूति लिखिए) दें और जुटाएं और वह उक्त आदेश का अनुपालन करने में असफल रहे हैं;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और उक्त जेल में .... (कारावास की अवधि) की उक्त अवधि के लिए, जब तक इस बीच उनके छोड़े जाने के लिए विधिपूर्वक आदेश न दे दिया जाए, सुरक्षित रखें और इस वारण्ट के निष्पादन की रोति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20.......... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 17

सदाचार के लिए प्रतिभूति देने में असफल रहने पर सुपुर्दगी का वारण्ट

[धारा 141 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) को जेल का भारसाधक अधिकारी

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि .... (नाम और वर्णन) .... जिले के भीतर अपनी उपस्थिति छिपा रहा है और यह विश्वास करने का कारण है कि वह कोई संज्ञेय अपराध करने के लिए ऐसा कर रहा है;

अथवा

.... (नाम और वर्णन) के साधारण चरित्र के बारे में मेरे समक्ष साक्ष्य दिया गया है और अभिलिखित किया गया है जिससे यह प्रतीत होता है कि का आभ्यासिक लुटेरा (या, यथास्थिति, गृहभेदक आदि) है:

तथा ऐसा कथन करने वाला और उक्त .... (नाम) से यह अपेक्षा करने वाला आदेश अभिलिखित किया गया है कि एक प्रतिभू सहित (या, यथास्थिति, दो या अधिक प्रतिभुओं के सहित) वह स्वयं .... रूपये के लिए और उक्त प्रतिभू (या उक्त प्रतिभुओं में से प्रत्येक) .... रुपए के लिए बंधपत्र लिखकर .... (अवधि लिखिए) अवधि के लिए अपने सदाचार के लिए प्रतिभूत्ति दें, और उक्त .... (नाम) उक्त आदेश का अनुपालन करने में असफल रहा है और ऐसी चूक के लिए उसकी बाबत .... (अवधि लिखिए) के लिए, जब तक उससे पूर्व हो उक्त प्रतिभूति न दे दी जाए, कारावास का न्याय-निर्णयन किया गया है; इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त …………… (नाम) को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और उक्त जेल में .... (कारावास की अवधि) की उक्त अवधि के लिए, सुरक्षित रखें या यदि वे पहले ही कारागार में है तो उसमें निरुद्ध रखें जब तक इस बीच उसके छोड़े जाने के लिए विधिपूर्वक आदेश न दे दिया जाए, और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20.......... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 18
प्रतिभूति देने में असफल रहने पर कारावासित व्यक्ति को उन्मोचित करने के लिए वारण्ट
[धारा 141 और धारा 142 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी (या अन्य अधिकारी जिसकी अभिरक्षा में वह व्यक्ति है) .... (बन्दी का नाम और वर्णन) को तारीख .... 20 .... के न्यायालय के वारण्ट के अधीन आपकी अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया था और उसने तत्पश्चात भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा .... के अधीन प्रतिभूति सम्यक रूप से दे दी है;

अथवा

20 .... के..........मास के .... दिन के न्यायालय के वारण्ट के अधीन .... (बन्दी का नाम और वर्णन) को आपकी अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया था और मुझे इस राय के पर्याप्त आधार प्रतीत होते हैं कि उसे समाज को परिसंकट में डाले बिना छोड़ा जा सकता है। इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) को अपनी अभिरक्षा से, जब तक उसे किसी अन्य कारण से निरूद्ध करना आवश्यक न हो तत्काल उन्मोचित कर दें।

20.......... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 19

भरणपोषण देने में असफल रहने पर कारावास का वारण्ट

[धारा 144 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

.... (नाम, वर्णन और पता) के बारे में मेरे समक्ष यह साबित कर दिया गया है कि वह अपनी पत्नी .... (नाम) [या अपने बालक …………. (नाम) या

अपने पिता या माता .... (नाम) का, जो .... (कारण लिखिए) के कारण अपना भरणपोषण करने में असमर्थ है], भरण पोषण करने के पर्याप्त साधन रखता है और उसने उनका भरणपोषण करने में उपेक्षा की है (या ऐसा करने से इन्कार किया है) और उक्त .... (नाम) से यह अपेक्षा करने वाला आदेश सम्यक रूप से किया जा चुका है कि वह अपनी उक्त पत्नी (या अपने बालक या पिता या माता) को भरण-पोषण के लिए .... रुपए की मासिक राशि दे, तथा यह भी साबित कर दिया है कि उक्त .... (नाम) उक्त आदेश की जानबूझकर अवहेलना करके .... रुपए, जो .... मास (या मासों) के लिए भत्ते की रकम है, देने में असफल रहा है;

और उस पर यह न्यायनिर्णीत करने वाला आदेश किया गया कि वह उक्त जेल में .... अवधि के लिए कारावास भोगे;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) को उक्त जेल में अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और वहां उक्त आदेश को विधि के अनुसार निष्पादित करें और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20.......... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 20

कुर्की और विक्रय द्वारा भरण-पोषण का संदाय कराने के लिए वारण्ट

[धारा 144 देखिए]

प्रेषिती ....

(उस पुलिस अधिकारी का या अन्य व्यक्ति का नाम और पदनाम जिसे वारण्ट का निष्पादन करना है)

.... (नाम) से यह अपेक्षा करने वाला आदेश सम्यक् रूप से किया जा चुका है कि वह अपनी उक्त पत्नी (या अपने बालक या पिता या माता) को भरण-पोषण के लिए .... रुपए की मासिक राशि दे, तथा उक्त .... (नाम) उक्त आदेश की जानबूझकर अवहेलना करके .... रूपये जो .... के मास (या मासों) के लिए भत्ते की रकम है, देने में असफल रहा है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप .... जिले के अन्दर उक्त .... (नाम) की जो कोई जंगम सम्पत्ति मिले उसे कुर्क कर लें और यदि ऐसी कुर्की के पश्चात .... (अनुज्ञात दिनों या घण्टों की संख्या लिखिए) के अन्दर उक्त राशि नहीं दी जाती है तो (या तत्काल) कुर्क की गई जंगम सम्पत्ति का या उसके इतने भाग का, जितना उक्त राशि को चुकाने के लिए पर्याप्त हो, विक्रय कर दें और इस वारण्ट के अधीन जो कुछ आपने किया हो उसे पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे, इसका निष्पादन हो जाने पर, तुरन्त लौटा दें।

20......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 21

न्यूसेंसों को हटाने के लिए आदेश

[धारा 152 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम, वर्णन और पता)

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि आपने .... (यह लिखिए कि वह क्या है जिससे बाधा या न्यूसेंस कारित होता है) इत्यादि, इत्यादि द्वारा सार्वजनिक सड़क मार्ग (या अन्य लोक स्थान) .... (सड़क या लोक स्थान का वर्णन कीजिए) .... इत्यादि, इत्यादि को उपयोग में लाने वाले व्यक्तियों को बाधा (या न्यूसेंस) की है और वह बाधा (या न्यूसेंस) अब भी वर्तमान है;

अथवा

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि आप स्वामी की या प्रबन्धक की हैसियत से .... (विशिष्ट व्यापार या उपजीविका लिखिए) का व्यापार या उपजीविका .... में (वह स्थान जहां वह व्यापार या उपजीविका चलाई जा रही है लिखिए) चला रहे हैं और वह .... के (जिस रीति से हानिकारक प्रभाव पैदा हुए हैं वह संक्षेपतः लिखिए) कारण लोक-स्वास्थ्य (या सुख) के लिए हानिकारक है और उसे बन्द कर दिया जाना चाहिए या दूसरे स्थान को हटा दिया जाना चाहिए;

अथवा

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि आप लोक मार्ग .... (आम रास्ते का वर्णन कीजिए) के पार्श्वस्थ किसी तालाब (या कुएं या उत्खात) के स्वामी हैं (या उस पर आपका कब्जा है या नियन्त्रण है) और उक्त तालाब (या कुएं या उत्खात) पर बाड़ न होने (या असुरक्षित रूप से बाड़ होने) के कारण सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा होता है;

अथवा

.... इत्यादि, इत्यादि (यथास्थिति);

इसलिए मैं आपको निदेश देता हूं और आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप .... (अनुज्ञात समय लिखिए) के अन्दर .... (न्यूसेंस के उपशमन के लिए क्या किया जाना अपेक्षित है वह लिखिए) या तारीख .... को .... के न्यायालय में हाजिर हों और इस बात का कारण दर्शित करें कि इस आदेश को क्यों प्रवर्तित न कराया जाए;

अथवा

इसलिए मैं आपको निदेश देता हूं और आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप .... (अनुज्ञात समय लिखिए) के अन्दर उक्त व्यापार या उपजीविका को उक्त स्थान में चलाना बन्द कर दें और उसे फिर न चलाएं या उक्त व्यापार को उस स्थान से जहां वह अब चलाया जा रहा है हटा दें, या तारीख .... को हाजिर हों, इत्यादि, इत्यादि;

अथवा

इसलिए मैं आपको निदेश देता हूं, और आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप .... (अनुज्ञात समय लिखिए) के अन्दर) .... (बाड़ की किस्म और जिस भाग में पर्याप्त बाड़ लगाई जानी है वह लिखिए) पर्याप्त बाड़ लगाएं या तारीख .... को हाजिर हों, इत्यादिः

अथवा

इसलिए मैं आपको निदेश देता हूं और आपसे अपेक्षा करता हूं कि .... इत्यादि, इत्यादि (यथास्थिति)।

20......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 22

मजिस्ट्रेट द्वारा सूचना और अनिवार्य आदेश

[धारा 160 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम, वर्णन और पता)

मैं आपको सूचना देता हूं कि यह पाया गया है कि तारीख .... को जारी किया गया और आपसे .... (आदेश में की गई अपेक्षा का सार लिखिए) अपेक्षा करने वाला आदेश युक्तियुक्त और उचित है। वह आदेश अब अन्तिम कर दिया गया है तथा मैं आपको निदेश देता हूं और आपसे अपेक्षा करता हूं कि .... (अनुज्ञात समय लिखिए) के अन्दर उक्त आदेश का अनुपालन करें, नहीं तो उसकी अवज्ञा के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 द्वारा उपबन्धित शास्ति आपको भोगनी पड़ेगी।

20.......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 23

जांच होने तक आसन्न खतरे के विरुद्ध उपबन्ध करने के लिए व्यादेश

[धारा 161 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम, वर्णन और पता)

तारीख .... 20 ...... को मेरे द्वारा जारी किए गए सशर्त आदेश की जांच अभी तक लम्बित है और मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि उक्त आदेश में वर्णित न्यूसेंस से जनता को ऐसा खतरा या गम्भीर किस्म की हानि आसन्न है कि उस खतरे या हानि का निवारण करने के लिए अविलम्ब उपाय करना आवश्यक हो गया है; इसलिए मैं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 161 के उपबन्धों के अधीन आपको निदेश और व्यादेश देता हूं कि आप जांच का परिणाम निकलने तक के लिए तत्काल .... (अस्थायी सुरक्षा के रूप में क्या किया जाना अपेक्षित है यह स्पष्टतया लिखिए) करें।

20.......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 24

न्यूसेंस की पुनरावृत्ति आदि का प्रतिषेध करने के लिए मजिस्ट्रेट का आदेश

[धारा 162 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम, वर्णन और पता)

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि .... इत्यादि, इत्यादि (यथास्थिति, प्रारूप 21 या 25 के अनुसार यहां उचित वर्णन कीजिए);

इसलिए मैं आपको सख्त आदेश और व्यादेश देता हूं कि आप उक्त न्यूयेंस की पुनरावृनि न करें या उसे चालू न रखें।

20.......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 25
बाधा, बल्वा आदि का निवारण करने के लिए मजिस्ट्रेट का आदेश
[धारा 163 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम, वर्णन और पता)

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि आप …………….. (सम्पत्ति का स्पष्ट वर्णन कीजिए) का कब्जा रखते हैं (या प्रबन्ध करते हैं) और उक्त भूमि में नाली खोदने में आप खोदी हुई मिट्टी और पत्थरों के कुछ भाग को पार्श्ववर्ती सार्वजनिक सड़क पर फेंकने या रख देने वाले हैं, जिससे सड़क का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को बाधा की जोखिम पैदा होगी;

अथवा

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि आप और कई अन्य व्यक्ति ………………. (व्यक्तियों के वर्ग का वर्णन कीजिए) समवेत होने वाले हैं और सार्वजनिक सड़क पर होकर जुलूस निकालने वाले हैं, इत्यादि (यथास्थिति) और ऐसे जुलूस से बल्वा या दंगा हो जाना सम्भाव्य है;

अथवा

…………………. इत्यादि, इत्यादि (यथास्थिति);

इसलिए मैं इसके द्वारा आपको आदेश देता हूँ कि आप भूमि में से खोदी हुई किसी भी मिट्टी या पत्थर को उक्त सड़क के किसी भी भाग पर न रखें और न रखने की अनुज्ञा दें;

अथवा

इसलिए मैं इसके द्वारा उक्त सड़क पर होकर जुलूस के जाने का प्रतिषेध करता हूं और आपको सख्त चेतावनी और आदेश देता हूं कि आप ऐसे जुलूस में कोई भाग न लें (या जैसा वर्णित मामले में अपेक्षित हो)।

20.......... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 26

विवादग्रस्त भूमि आदि का कब्जा रखने के हकदार पक्षकार की घोषणा करने वाला मजिस्ट्रेट का आदेश

[धारा 164 देखिए]

सम्यक् रूप से अभिलिखित आधारों पर मुझे यह प्रतीत होने पर कि मेरी स्थानीय अधिकारिता के अन्दर स्थित................ (विवाद-वस्तु थोड़े में लिखिए) से सम्बद्ध विवाद जिससे परिशान्ति भंग हो जाना सम्भाव्य है .... (पक्षकारों के नाम और निवास अथवा यदि विवाद ग्रामीणों के समूहों के बीच है तो केवल निवास का वर्णन कीजिए) के बीच है, सब उक्त पक्षकारों से अपेक्षा की गई थी कि वे उक्त (विवाद-वस्तु) पर वास्तविक कब्जे के तथ्य के बारे में अपने दावों का लिखित कथन दें और तब उक्त पक्षकारों में से किसी के कब्जे के वैध अधिकार के दावे के गुणागुण के प्रति कोई निदेश किए बिना सम्यक् जांच करने पर मेरा समाधान हो जाने पर कि उक्त .... (नाम या वर्णन) का उस पर वास्तविक कब्जे का दावा सही है; मैं यह विनिश्चय करता हूं और घोषित करता हूं कि उक्त....... (विवाद-वस्तु) पर उसका (या उनका) कब्जा है और, जब तक कि विधि के सम्यक् अनुक्रम में वह (या वे) निकाल न दिया जाए (या दिए जाएं) जब तक वह (या वे) ऐसा कब्जा रखने का हकदार है (या के हकदार हैं) और इस बीच में उसके (या उनके) कब्जे में किसी प्रकार का विघ्न डालने का मैं सख्त निषेध करता हूं।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 27

भूमि आदि के कब्जे के बारे में विवाद के मामले में कुर्की का वारण्ट

[धारा 165 देखिए]

प्रेषिती........ (स्थान) के पुलिस थाने का भारसाधक पुलिस अधिकारी [या...........(स्थान) का कलेक्टर] ।

मुझे यह प्रतीत कराया गया है कि मेरी अधिकारिता की सीमाओं के अन्दर स्थित ...... (विवाद-वस्तु थोड़े में लिखिए) सम्बद्ध विवाद, जिससे परिशान्ति भंग हो जाना सम्भाव्य है, ...(सम्बद्ध पक्षकारों के नाम और निवास, अथवा यदि विवाद ग्रामीणों के समूहों के बीच है तो केवल निवास का वर्णन कीजिए) के बीच है और तब उक्त पक्षकारों से सम्यक् रूप से अपेक्षा की गई थी कि वे उक्त............... (विवाद-वस्तु) पर वास्तविक कब्जे के तथ्य के बारे में अपने दावे का लिखित कथन दें, और उक्त दावों की सम्यक् जांच करने पर मैंने यह विनिश्चय किया है कि उक्त..... (विवाद-वस्तु) पर कब्जा उक्त पक्षकारों में से किसी का भी नहीं है (या यथापूर्वोक्त रूप में कब्जा किस पक्षकार का है इस बारे में अपना समाधान करने में मैं असमर्थ हूं)

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (विवाद-वस्तु) को उसका कब्जा लेकर और रख कर कुर्क करें और जब तक पक्षकारों के अधिकारों का या कब्जे के दावे का अवधारण करने वाली सक्षम न्यायालय की डिक्री या आदेश प्राप्त न कर ली जाए या न कर लिया जाए तब तक उसे कुर्क रखे रहें और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20 .... के........... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 28
भूमि या जल पर किसी बात के किए जाने का प्रतिषेध करने वाला मजिस्ट्रेट का आदेश
[धारा 166 देखिए]

मेरी स्थानीय अधिकारिता के अन्दर स्थित ...... (विवाद-वस्तु को थोड़े में लिखिए) के उपयोग के अधिकार से सम्बद्ध, जिस भूमि (या जल) पर या अनन्य कब्जे का दावा ....(व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्णन कीजिए) द्वारा किया गया है, विवाद उठने पर और उसकी सम्यक् जांच से मुझे यह प्रतीत होने पर कि उक्त भूमि (या जल) का जनता (या यदि व्यक्ति विशेष या व्यक्तियों के वर्ग द्वारा उपयोग किया जाता है तो उसका या उनका वर्णन कीजिए) के लिए ऐसे उपयोग का उपभोग करना खुला रहा है और (यदि सारे वर्ष के उपयोग का उपभोग किया जाता है तो) उक्त जांच के संस्थित किए जाने के तीन मास के अन्दर (या यदि उपयोग का विशिष्ट मौसमों में ही उपभोग किया जा सकता है तो कहिए "उन मौसमों में से, जिनमें कि उसका उपभोग किया जा सकता है, अन्तिम मौसम के दौरान") उक्त उपयोग का उपभोग किया गया है;

मैं यह आदेश देता हूं कि उक्त .... (कब्जे का या के दावेदार) या उसके (या उनके) हित में कोई व्यक्ति उक्त भूमि (या जल) का कब्जा, यथापूर्वोक्त उपयोग के अधिकार के उपभोग का अपवर्जन करके, न लेगा (या प्रतिधारित न करेगा) जब तक वह (या वे) सक्षम न्यायालय की उसे (या उन्हें) अनन्य कब्जे का (या के) हकदार न्यायनिर्णीत करने वाली डिक्री या आदेश प्राप्त न कर ले (या लें) ।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 29

पुलिस अधिकारी के समक्ष प्रारम्भिक जांच पर बंधपत्र और जमानतपत्र

[धारा 189 देखिए]

मैं.... (नाम) जो......का हूं .....के अपराध से आरोपित होने पर और जांच के पश्चात्...... मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर होने के लिए अपेक्षित किए जाने पर

अथवा

और जांच के पश्चात् अपना मुचलका इसलिए देने की अपेक्षा की जाने पर कि जब भी मुझसे अपेक्षा की जाएगी, मैं हाजिर होऊंगा; इसके द्वारा अपने को आबद्ध करता हूं कि मैं .... (स्थान) में .... के न्यायालय में तारीख .... को (या ऐसे दिन जब हाजिर होने की मुझसे इसके पश्चात् अपेक्षा की जाए) उक्त आरोप का अतिरिक्त उत्तर देने के लिए हाजिर होऊंगा और मैं अपने को आबद्ध करता हूं कि यदि इसमें से कोई चूक करूं तो मेरी.......... रुपए की राशि सरकार की समपहृत हो जाएगी।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा)

(हस्ताक्षर)

मैं इसके द्वारा अपने को (या हम संयुक्ततः और पृथकतः अपने को और अपने में से प्रत्येक को) उपर्युक्त............ (नाम) के लिए इस बात के लिए प्रतिभू (या प्रतिभूओं) घोषित करता हूँ (या करते हैं) कि वह .... (स्थान) में .... के न्यायालय में तारीख .... को (या ऐसे दिन जब हाजिर होने की उससे इसके पश्चात् अपेक्षा की जाए) अपने विरुद्ध लम्बित आरोप का अतिरिक्त उत्तर देने के लिए हाजिर होगा, और मैं इसके द्वारा अपने को आबद्ध करता हूं (या हम इसके द्वारा अपने को आबद्ध करते हैं) कि यदि इसमें वह चूक करे तो मेरी (या हमारी) .... रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 30

अभियोजन चलाने के लिए या साक्ष्य देने के लिए बंधपत्र

[धारा 190 देखिए]

मैं......... (नाम), जो......... (स्थान) का हूं अपने को आबद्ध करता हूं कि मैं तारीख .... को.... बजे के न्यायालय में हाजिर होउंगा और वहीं और उसी समय क, ख, के विरुद्ध......आरोप के मामले में अभियोजन चलाऊंगा (या अभियोजन चलाऊंगा और साक्ष्य दूंगा) (या साक्ष्य दूंगा), और मैं अपने को आबद्ध करता हूं कि यदि इसमें मैं चूक करूं तो मेरी ......रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 31
छोटे अपराध के अभियुक्त को विशेष समन
[धारा 229 देखिए]

प्रेषिती,
............(अभियुक्त का नाम)
............(पता)

.... के छोटे अपराध (आरोपित अपराध का संक्षिप्त विवरण) के आरोप का उत्तर देने के लिए आपकी हाजिरी आवश्यक है, अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप स्वयं (या अधिवक्ता द्वारा) .... (मजिस्ट्रेट) के समक्ष 20...... के...... मास के.......... दिन हाजिर हों या यदि आप मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर हुए बिना आरोप के दोषी होने का अभिवचन करना चाहें तो आप दोषी होने का लिखित रूप में अभिवचन और जुर्माने के रूप में .... रुपए की राशि उपरोक्त तारीख के पूर्व भेज दें, या यदि आप अधिवक्ता द्वारा हाजिर होना चाहें और दोषी होने का अभिवचन ऐसे अधिवक्ता की मार्फत करना चाहें तो अपनी ओर से इस प्रकार दोषी होने का अभिवचन करने के लिए आप ऐसे अधिवक्ता को लिखित रूप में प्राधिकृत करें और ऐसे अधिवक्ता की मार्फत जुर्माने का संदाय करें। इसमें चूक नहीं होनी चाहिए।

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

(टिप्पणी. - इस समन में विनिर्दिष्ट जुर्माने की रकम पांच हजार रुपए से अधिक न होगी।)

प्रारूप सं० 32

मजिस्ट्रेट द्वारा लोक अभियोजक को सुपुर्दगी की सूचना

[धारा 232 देखिए]

...............का मजिस्ट्रेट सूचना देता है कि उसने.......... की अगले सेशन में विचारण के लिए सुपुर्द किया है: और मजिस्ट्रेट लोक अभियोजक को उक्त मामले में अभियोजन संचालन करने का अनुदेश देता है।

अभियुक्त के विरुद्ध आरोप है कि .... इत्यादि (आरोप में दिया गया अपराध लिखिए)

20 .... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 33

आरोप

[धारा 234, धारा 235 और धारा 236 देखिए]

1.- एक शीर्ष वाले आरोप

(1) (क) मैं........... (मजिस्ट्रेट का नाम और पद, आदि)

आप......अभियुक्त व्यक्ति का नाम) पर निम्नलिखित आरोप लगाता हूं:-

(ख) **धारा 147 पर**.- आपने तारीख को .... या, उसके लगभग .... में भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध किया और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 147 के अधीन दण्डनीय अपराध है, और इस न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(ग) और मैं इसके द्वारा निदेश देता हूं कि आपका इस न्यायालय द्वारा उक्त आरोप पर विचारण किया जाए।

(मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर और मुद्रा)

[(ख) के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाए]:—

(2) **धारा 151 पर. -** आपने तारीख .... को या उसके लगभग...... भारत के राष्ट्रपति [या यथास्थिति................. (राज्य का नाम) के राज्यपाल] को ऐसे राष्ट्रपति (या यथास्थिति, राज्यपाल) के रूप में अपनी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने से विरत रहने के लिए उत्प्रेरित करने के आशय से ऐसे राष्ट्रपति (या यथास्थिति, राज्यपाल) पर हमला किया, और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 151 के अधीन दण्डनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(3) **धारा 198 पर. -** आपने तारीख .... को या उसके लगभग............... में ऐसा आचरण किया (या यथास्थिति, करने का लोप किया) जो .... अधिनियम की धारा .... के उपबंधों के प्रतिकूल है और जिसके बारे में आपको ज्ञात था कि वह .... पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है, और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 198 के अधीन दंडनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अंतर्गत है।

(4) **धारा 229 पर.---** आपने तारीख .... को या उसके लगभग .... में .... के समक्ष .... के विचारण के अनुक्रम में साक्ष्य में कथन किया कि "........................" जिस कथन के मिथ्या होने का आपको ज्ञान या विश्वास था या, जिसके सत्य होने का आपको विश्वास नहीं था; और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 229 के अधीन दण्डनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(5) **धारा 105 पर. --** आपने तारीख ...... को या उसके लगभग......... में हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानववध किया जिससे ...... • की मृत्यु कारित हुई और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 105 के अधीन दंडनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अंतर्गत है।

(6) **धारा 108 पर.----** आपने तारीख .... को या उसके लगभग .... में क, ख. द्वारा जो कि मत्त अवस्था में था, आत्महत्या किए जाने का दुष्प्रेरण किया और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 108 के अधीन दंडनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अंतर्गत है।

(7) **धारा 117(2) पर.----** आपने तारीख........को या उसके लगभग .... में........को स्वेच्छया घोर उपहति कारित की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 117 (2) के अधीन दंडनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के संज्ञान के अंतर्गत है।

(8) **धारा 309(2) पर.** आपने तारीख .... को या उसके लगभग .... में .... (नाम लिखिए) को लूटा और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 309 (2) के अधीन दण्डनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(9) **धारा 310 (2) पर.** आपने तारीख .... को या उसके लगभग .... में .... डकैती डाली जो अपराध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 310(2) के अधीन दण्डनीय है और इस न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

II.-दो या अधिक शीर्ष वाले आरोप

(1) (क) मैं.. .... (मजिस्ट्रेट का नाम और पद, आदि) आप .... (अभियुक्त व्यक्ति का नाम) पर निम्नलिखित आरोप लगाता हूं:-

(ख) **धारा 179 पर. -** पहला- आपने तारीख ...... को या उसके लगभग...... में एक सिक्का यह जानते हुए कि वह कूटकृत है, क, ख नाम के एक अन्य व्यक्ति को असली के रूप में परिदत्त किया और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 179 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

दूसरा-आपने तारीख .... को या उसके लगभग.......... में एक सिक्का यह जानते हुए कि वह कूटकृत है, क, ख नाम के एक अन्य व्यक्ति को असली सिक्के के रूप में लेने के लिए उत्प्रेरित करने का प्रयत्न किया और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 179 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(ग) और मैं इसके द्वारा निदेश देता हूं कि आपका उक्त न्यायालय द्वारा उक्त आरोप पर विचारण किया जाए।

(मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर और मुद्रा)

[(ख) के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाए]:-

(2) **धारा 103 और 105 पर.---** पहला- आपने तारीख .... को या उसके लगभग.........में .... की मृत्यु कारित करके हत्या की और उसके द्वारा आपने ऐसा

अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

दूसरा-आपने तारीख ……. को या उसके लगभग …….. में ………… की मृत्यु कारित करके हत्या की कोटि में न आने वाला मानव वध किया और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 105 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(3) **धारा 303(2) और 307 पर.** पहला- आपने तारीख ……… को या उसके लगभग ……….. में चोरी की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 303(2) के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

दूसरा---आपने तारीख .... को या उसके लगभग........... में चोरी करने के लिए किसी व्यक्ति की मृत्यु कारित करने की तैयारी करके, चोरी की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 307 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

तीसरा-- आपने तारीख...... को या उसके लगभग ……… में, चोरी करने के पश्चात् निकल भागने के लिए किसी व्यक्ति का अवरोध कारित करने की तैयारी करके, चोरी की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 307 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

चौथा --- आपने तारीख …….. को या उसके लगभग .... में, चोरी द्वारा ली गई सम्पत्ति को प्रतिधारित करने की दृष्टि से किसी व्यक्ति को उपहति का भय कारित करने की तैयारी करके चोरी की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 307 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(4) **धारा 229 पर अनुकल्पी आरोप.** - आपने तारीख .... को या उसके लगभग .... में…………के समक्ष............ की जांच के अनुक्रम में साक्ष्य में कथन किया कि "……….." और आपने तारीख ……….. को या उसके लगभग ……….. में .... के समक्ष .... के विचारण के अनुक्रम में साक्ष्य में कथन किया कि "........." जिन दो कथनों में से एक के मिथ्या होने का आपको ज्ञान या विश्वास था या उसके सत्य होने का आपको विश्वास नहीं था और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 229 के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है।

(*मजिस्ट्रेटों द्वारा विचारित किए जाने वाले मामलों में* "सेशन न्यायालय के संज्ञान के अन्तर्गत है" *के स्थान पर* "मेरे संज्ञान के अन्तर्गत है" *लिखिए*)।

III.-पूर्व दोषसिद्धि के पश्चात् चोरी का आरोप

मैं .... (मजिस्ट्रेट का नाम और पद, आदि) आप .... (अभियुक्त व्यक्ति का नाम) पर निम्नलिखित आरोप लगाता हूं:-

यह कि आपने तारीख .... को या उसके लगभग.......... में चोरी की और उसके द्वारा आपने ऐसा अपराध किया जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 303(2) के अधीन दण्डनीय है और सेशन न्यायालय (या, यथास्थिति, मजिस्ट्रेट) के संज्ञान के अन्तर्गत है।

और आप, उक्त .... (अभियुक्त का नाम) पर यह भी आरोप है कि आप उक्त अपराध करने के पूर्व अर्थात् तारीख .... को .... के .... (वह न्यायालय लिखिए जिसके द्वारा दोषसिद्धि की गई थी) द्वारा भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अध्याय 17 के अधीन तीन वर्ष की अवधि के लिए कारावास से दण्डनीय अपराध के लिए, अर्थात् रात्रौ गृहभेदन के अपराध .... (*उस धारा के शब्दों में अपराध का वर्णन कीजिए जिसके अधीन अभियुक्त दोषसिद्ध किया गया था*) के लिए दोषसिद्ध किए गए थे जो दोषसिद्धि अब तक पूर्णतया प्रवृत्त और प्रभावशील है और आप भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 13 के अधीन परिवर्धित दण्ड से दण्डनीय हैं।

और मैं इसके द्वारा निदेश देता हूं कि आपका विचारण किया जाए, इत्यादि।

प्रारूप सं० 34
साक्षी को समन
[धारा 63 और धारा 267 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) का.................. (नाम)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि........ (पता) के .... (अभियुक्त का नाम) ने .... (समय और स्थान सहित अपराध थोड़े में लिखिए) का अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और मुझे यह प्रतीत होता है कि सम्भाव्य है कि आप अभियोजन के लिए तात्विक साक्ष्य दें या कोई दस्तावेज या अन्य चीज पेश करें:
इसलिए आपको समन किया जाता है कि ऐसा दस्तावेज या चीज पेश करने या उक्त परिवाद के विषय से सम्बद्ध आप जो कुछ जानते हों उसका अभिसाक्ष्य देने के लिए इस न्यायालय के समक्ष तारीख .... को दिन में दस बजे हाजिर हों और न्यायालय की इजाजत के बिना वहां से न जाएं और आपको इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि न्यायसंगत कारण के बिना आपने उस तारीख पर हाजिर होने में उपेक्षा की या उससे इन्कार किया तो आपको हाजिर होने को विवश करने के लिए वारण्ट जारी किया जाएगा।

20...... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 35
यदि कारावास या जुर्माने का दण्डादेश न्यायालय द्वारा दिया गया है तो उस पर सुपुर्दगी का वारण्ट
[धारा 258, धारा 271 और धारा 278 देखिए]

प्रेषिती..........(स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

सन् .... के कलेण्डर के मामले संख्यांक .... में बन्दी (या यथास्थिति पहले दूसरे, तीसरे बन्दी) .... (बन्दी का नाम) .... को मेरे द्वारा............... (नाम और शासकीय पदाभिधान) भारतीय न्याय संहिता, 2023 की (या ....अधिनियम की) धारा (या धाराओं)............. के अधीन .... (अपराधों का थोड़े में वर्णन कीजिए) के अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया और .... (दण्ड पूर्णतया और स्पष्टतया लिखिए) के लिए तारीख .... को दण्डादिष्ट किया गया।

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (बन्दी का नाम) को उक्त जेल में अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लेकर पूर्वोक्त दण्ड को विधि के अनुसार निष्पादित करें।

20...... के .... मास के ...... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 36

प्रतिकर का संदाय करने में असफल रहने पर कारावास का वारण्ट

[धारा 273 देखिए]

प्रेषिती, ... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

.... (नाम और वर्णन) ने .... (अभियुक्त का नाम और वर्णन) के विरुद्ध यह परिवाद किया है कि .... (इसे थोड़े में वर्णन कीजिए) और वह इस आधार पर खारिज कर दिया गया है कि उक्त (नाम) .... के विरुद्ध अभियोग लगाने के लिए उचित आधार नहीं है और खारिज करने का आदेश यह अधिनिर्णीत करता है कि उक्त .... (परिवादी का नाम) द्वारा प्रतिकर के रूप में .... रुपए की राशि का संदाय किया जाए: और उक्त राशि अभी तक दी नहीं गई हैं और यह आदेश कर दिया गया है कि उसे .... दिन की अवधि के लिए, यदि पूर्वोक्त राशि उससे पूर्व नहीं दे दी जाती है तो जेल में सादा कारावास में रखा जाए:

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 8(6) (ख) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए उससे उक्त जेल में उक्त अवधि .... कारावास की अवधि) के लिए, यदि उक्त राशि उससे पूर्व नहीं दे दी जाती है तो सुरक्षित रखें और उक्त राशि के प्राप्त होने पर उसे तत्काल स्वतन्त्र कर दें और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 37

कारागार में बन्द व्यक्ति को किसी अपराध के आरोप का उत्तर देने के लिए न्यायालय में पेश करने की अपेक्षा करने वाला आदेश

[धारा 302 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

उक्त कारागार में इस समय परिरुद्ध/निरुद्ध .... (बन्दी का नाम) की इस न्यायालय में हाजिरी .... (आरोपित अपराध संक्षेप में लिखिए) के आरोप का उत्तर देने के लिए या .... (कार्यवाही की संक्षिप्त विशिष्टियां दीजिए) कार्यवाही के प्रयोजनार्थ अपेक्षित है;

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... को सुरक्षित और सुनिश्चित रूप से लाकर उक्त आरोप का उत्तर देने के लिए या उक्त कार्यवाही के प्रयोजनार्थ तारीख .... 20........ को दिन में .... बजे इस न्यायालय के समक्ष पेश करें और इस न्यायालय द्वारा उसे आगे हाजिर करने से छूट दिए जाने पर उसे उक्त कारागार को सुरक्षित और सुनिश्चित रूप से वापस ले जाएं।

और आपसे यह और अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... को इस आदेश की अन्तर्वस्तु की सूचना दें और उसकी संलग्न प्रति उसे परिदत्त करें।

20 .... के .... मास के............. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रतिहस्ताक्षरित

(मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 38

कारागार में निरुद्ध व्यक्ति को साक्ष्य देने के लिए न्यायालय में पेश करने की अपेक्षा करने वाला आदेश

[धारा 302 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

इस न्यायालय के समक्ष परिवाद किया गया है कि .... (स्थान) के .... (अभियुक्त का नाम) ने............. (समय और स्थान सहित अपराध थोड़े में लिखिए) का अपराध किया है और यह प्रतीत होता है कि उक्त कारागार में इस समय परिरुद्ध/निरुद्ध .... (बन्दी का नाम) अभियोजन/प्रतिरक्षा के लिए तात्त्विक साक्ष्य दे सकता है;

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त............... को सुरक्षित और सुनिश्चित रूप से लाकर इस न्यायालय के समक्ष लम्बित मामले में साक्ष्य देने के लिए तारीख.......... को दिन में .... बजे इस न्यायालय के समक्ष पेश करें और इस न्यायालय द्वारा उसे आगे हाजिर करने से छूट दिए जाने पर उसे उक्त कारागार को सुरक्षित और सुनिश्चित रूप से वापस ले जाएं;

और आपसे यह और अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त.............. को इस आदेश की अन्तर्वस्तु की सूचना दें और उसकी संलग्न प्रति उसे परिदत्त करें।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रतिहस्ताक्षरित

(मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 39

अवमान के ऐसे मामलों में सुपुर्दगी का वारण्ट जिसमें जुर्माना अधिरोपित किया गया है

[धारा 384 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

आज मेरे समक्ष हुए न्यायालय में .... (अपराधी का नाम और वर्णन) ने न्यायालय की उपस्थिति में (या दृष्टिगोचरता में) जानबूझकर अवमान किया है;

और मेरे अवमान के लिए उक्त .... (अपराधी का नाम) को ....रुपए का जुर्माना देने के लिए या उसमें चूक करने पर .... (मास या दिनों की संख्या लिखिए) अवधि के लिए सादा कारावास भुगतने के लिए न्यायालय द्वारा न्यायनिर्णीत किया गया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (अपराधी का नाम) को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट सहित लें और, उक्त जेल में .... (कारावास की अवधि) की उक्त अवधि के लिए, जब तक उक्त जुर्माना उससे पूर्व न दे दिया जाए, सुरक्षित रखें और उक्त जुर्माने के प्राप्त होने पर उसे तत्काल स्वतन्त्र कर दें और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20......... के.......... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 40
उत्तर देने से या दस्तावेज पेश करने से इन्कार करने वाले साक्षी की सुपुर्दगी के लिए मजिस्ट्रेट या न्यायाधीश का वारण्ट
[धारा 388 देखिए]

प्रेषिती ....
(न्यायालय के अधिकारी का नाम और पदाभिधान)

.... (नाम और वर्णन) ने साक्षी के रूप में समन किए जाने पर (या इस न्यायालय के समक्ष लाए जाने पर) और अभिकथित अपराध की जांच में साक्ष्य देने की आज अपेक्षा की जाने पर उक्त अभिकथित अपराध के बारे में उससे पूछे गए और सम्यक् रूप से अभिलिखित प्रश्न (या प्रश्नों) का उत्तर देने से या दस्तावेज पेश करने की अपेक्षा किए जाने पर ऐसे दस्तावेज को पेश करने से इन्कार किया है और इन्कार करने के लिए किसी न्याय-संगत प्रतिहेतु का अभिकथन नहीं किया है और इस इन्कार के लिए उसको .... (न्याय-निर्णीत निरोध की अवधि) के लिए अभिरक्षा में निरुद्ध किए जाने के लिए आदिष्ट किया गया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) को अपनी अभिरक्षा में लें और उसे अपनी अभिरक्षा में .... दिनों की अवधि के लिए, जब तक कि इस बीच में ही वह अपनी ऐसी परीक्षा किए जाने और उससे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए या उससे अपेक्षित दस्तावेज को पेश करने के लिए सहमत न हो जाए, सुरक्षित रखें और उसे इन दिनों में से अन्तिम दिन, या ऐसी सहमति के ज्ञात होने पर तत्काल, विधि के अनुसार कार्यवाही की जाने के लिए इस न्यायालय के समक्ष लाएं और इस वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20.......... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 41
मृत्यु दण्डादेश के अधीन सुपुर्दगी का वारण्ट
[धारा 407 देखिए]

प्रेषिती ...... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

तारीख .... को मेरे समक्ष हुए सेशन में .... (बन्दी का नाम), जो कि उक्त सेशन में 20................ के कलेण्डर के मामला संख्यांक .... में बन्दी (या यथास्थिति, पहला, दूसरा, तीसरा बन्दी) है, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा ....के अधीन हत्या की कोटि में आने वाले आपराधिक मान-वध के अपराध के लिए सम्यक् रूप से दोषसिद्ध किया गया था और .... के .... न्यायालय द्वारा उक्त दण्डादेश की पुष्टि किए जाने के अध्यधीन रहते हुए, मृत्यु के लिए दण्डादिष्ट हुआ;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त.............. (*बन्दी का नाम*) को उक्त जेल में अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और उसे तब तक सुरक्षित रखें जब तक कि उक्त .... न्यायालय के आदेश को प्रभावशील करने के लिए इस न्यायालय का आगे वारण्ट या आदेश आपको न मिले।

20.......... के........... मास के................. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 42
दण्डादेश के लघुकरण के पश्चात् वारण्ट
[(धारा 427, धारा 453 और धारा 456 देखिए]

प्रेषिती........... (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

तारीख.......... को हुए सेशन में..............(*बन्दी का नाम*), जो उक्त सेशन में 20.......के कलेण्डर के मामला संख्यांक............में बन्दी (या, यथास्थिति, पहला, दूसरा, तीसरा बन्दी) है, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा .... के अधीन दण्डनीय .... के अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया था और .... के लिए दण्डादिष्ट किया गया था और तब आपकी अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया था तथा .... के .... न्यायालय के आदेश द्वारा (जिसकी दूसरी प्रति इसके साथ संलग्न हैं) उक्त दण्डादेश द्वारा न्याय – निर्णीत दण्ड का आजीवन कारावास .... के दण्ड के रूप में लघुकरण किया गया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... *(बन्दी का नाम)* को उक्त जेल में अपनी अभिरक्षा में, विधि द्वारा अपेक्षित रूप में, तब तक सुरक्षित रखें जब तक वह उक्त आदेश के अधीन आजीवन कारावास का दण्ड भुगतने के प्रयोजन के लिए आपके द्वारा समुचित प्राधिकारी को और अभिरक्षा में परिदत्त न कर दिया जाए,

अथवा

यदि कम किया गया दण्डादेश कारावास का है तो "उक्त जेल में अपनी अभिरक्षा में" शब्दों के पश्चात् लिखिए "सुरक्षित रखें और वहाँ उक्त आदेश के अधीन कारावास के दण्ड को विधि के अनुसार निष्पादित करें।"

20.......... के........... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 43
मृत्यु दण्डादेश के निष्पादन का वारण्ट
[धारा 453 और धारा 454 देखिए]

प्रेषिती............ (स्थान) की जेल का भारसाधक अधिकारी

तारीख ....को मेरे समक्ष हुए सेशन में 20 .... के कलेण्डर के मामला संख्यांक .... में बन्दी .... (*या, यथास्थिति*, पहला, दूसरा, तीसरा बन्दी) .... *(बन्दी का नाम)* इस न्यायालय के तारीख .... के वारण्ट द्वारा मृत्यु का दण्डादेश देकर आपकी अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया था; तथा उक्त दण्डादेश को पुष्ट करने वाला उच्च न्यायालय का आदेश इस न्यायालय को प्राप्त हो गया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... को .... *(निष्पादन का समय और स्थान)* में जब तक वह मर न जाए तब तक गर्दन से लटकवाकर उक्त दण्डादेश का निष्पादन करें और यह वारण्ट इस न्यायालय को पृष्ठांकन द्वारा यह प्रमाणित करते हुए लौटा दें कि दण्डादेश का निष्पादन कर दिया गया है।

20..........के........... मास के..........दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 44
कुर्की और विक्रय द्वारा जुर्माने का उद्ग्रहण करने के लिए वारण्ट
[धारा 461 देखिए]

प्रेषिती.................

(उस पुलिस अधिकारी का या उस अन्य व्यक्ति का या उन अन्य व्यक्तियों के नाम और पदाभिधान जिसे या जिन्हें वारण्ट निष्पादित करना है) ।

....................*(अपराधी का नाम और वर्णन)* तारीख .... 20 .... को .... (अपराध का थोड़े में वर्णन कीजिए) के अपराध के लिए मेरे समक्ष दोषसिद्ध किया गया था और .... रुपए का जुर्माना देने के लिए दण्डादिष्ट किया गया था तथा उक्त .... (नाम) ने उक्त जुर्माना देने की अपेक्षा को जाने पर भी वह जुर्माना या उसका कोई भाग नहीं दिया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप .... जिले के अन्दर पाई जाने वाली उक्त .... *(नाम)* की किसी भी जंगम सम्पत्ति को कुर्क करें; और यदि ऐसी कुर्की के ठीक पश्चात् .... *(अनुज्ञात दिनों या घण्टों की संख्या)* के अन्दर *(या तत्काल)* उक्त राशि न दी जाए तो कुर्क की गई जंगम सम्पत्ति का या उसके इतने भाग का जितना उक्त जुर्माने की पूर्ति के लिए पर्याप्त हो, विक्रय कर दें और इस वारण्ट के अधीन जो कुछ आपने किया हो उसे प्रमाणित करते हुए इसे, इसका निष्पादन हो जाने पर, पृष्ठांकन करके तुरन्त लौटा दें।

20......... के .... मास के...............दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 45

जुर्माने की वसूली के लिए वारण्ट

[धारा 461 देखिए]

प्रेषिती................. जिले का कलेक्टर

.... *(अपराधी का नाम, पता और वर्णन)* को 20 .... के .... मास के .... दिन .... *(अपराध का संक्षिप्त वर्णन कीजिए)* के अपराध के लिए मेरे समक्ष सिद्धदोष किया गया था और .... रुपए का जुर्माना देने के लिए दण्डादिष्ट किया गया था;

और

उक्त .... *(नाम)* से यद्यपि जुर्माना देने की अपेक्षा की गई थी किन्तु उसने वह जुर्माना या उसका कोई भाग नहीं दिया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप उक्त .... *(नाम)* की जंगम या स्थावर सम्पत्ति या दोनों से उक्त जुर्माने की रकम भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूल कीजिए और अविलम्ब यह प्रमाणित कीजिए कि आपने इस आदेश के अनुसरण में क्या किया है।

20............. के .... मास के........ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 46

जुर्माने के वसूल होने तक छोड़े गए अपराधी के हाजिर होने के लिए बंधपत्र

[धारा 464 (1) (ख) देखिए]

मैं .... *(नाम)* .... *(स्थान)* का निवासी हूँ। मुझे .... रुपये का जुर्माना देने के लिए दण्डादिष्ट किया गया था और जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने पर .... *(अवधि)* के लिए कारावास का दण्डादेश दिया गया है; और न्यायालय ने इस शर्त पर मेरे छोड़े जाने का आदेश किया है कि मैं निम्नलिखित तारीख (या तारीखों) को हाजिर होने के लिए एक बंधपत्र निष्पादित करूं, अर्थात् :-

मैं इसके द्वारा अपने को आबद्ध करता हूं कि मैं .... न्यायालय के समक्ष निम्नलिखित तारीख (या तारीखों) को, अर्थात् .... को .... बजे हाजिर होऊंगा –

और मैं अपने को आबद्ध करता हूं कि यदि मैं इसमें व्यतिक्रम करूं तो मेरी .... रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी।

20 .... के ....मास के .... दिन

(हस्ताक्षर)

जहां बंधपत्र प्रतिभुओं के साथ निष्पादित किया जाना है वहां यह जोड़ें-

हम इसके द्वारा अपने को उपर्युक्त .... (नाम) के लिए इस बात के लिए प्रतिभू घोषित करते हैं कि वह .... न्यायालय के समक्ष निम्नलिखित तारीख *(या तारीखों)* अर्थात् .... को हाजिर होगा-

और हम इसके द्वारा अपने को संयुक्ततः और पृथकतः आबद्ध करते हैं कि इसमें उसके द्वारा व्यतिक्रम किए जाने पर हमारी .... रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी ।

(हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 47

थाने या न्यायालय के भारसाधक अधिकारी के समक्ष हाजिर होने के लिए बंधपत्र और जमानतपत्र

[धारा 478, धारा 479, धारा 480, धारा 481, धारा 482(3) और धारा 485 देखिए]

मैं .... *(नाम)* .... *(स्थान)* का निवासी हूं; .... थाने के भारसाधक अधिकारी द्वारा बिना वारण्ट गिरफ्तार या निरुद्ध कर लिए जाने पर (या............. न्यायालय के समक्ष लाए जाने पर) .... अपराध से आरोपित किया गया हूं तथा मुझसे ऐसे अधिकारी या न्यायालय के समक्ष हाजिरी के लिए प्रतिभूति देने की अपेक्षा की गई है; मैं अपने को इस बात के लिए आबद्ध करता हूं कि मैं ऐसे अधिकारी या न्यायालय के समक्ष ऐसे प्रत्येक दिन, हाजिर होऊंगा, जिसमें ऐसे आरोप की बाबत कोई अन्वेषण या विचारण किया जाए, तथा मैं अपने को आबद्ध करता हूं कि यदि इसमें मैं चूक करूं तो मेरी.................. रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी।

20......... के .... मास के....... दिन

(हस्ताक्षर)

मैं इसके द्वारा अपने को (या हम संयुक्ततः और पृथकत: अपने को और अपने में से प्रत्येक को) उपरोक्त .... (*नाम*) के लिए इस बात के लिए प्रतिभू *(या प्रतिभूओं)* घोषित करता हूं (या करते हैं) कि वह .... थाने के भारसाधक अधिकारी या .... न्यायालय के समक्ष ऐसे प्रत्येक दिन, जिसको आरोप का अन्वेषण किया जाएगा या ऐसे आरोप का विचारण किया जाएगा, हाजिर होगा, कि वह ऐसे अधिकारी या न्यायालय के समक्ष (यथास्थिति) ऐसे अन्वेषण के प्रयोजन के लिए या उसके विरुद्ध आरोप का उत्तर देने के लिए उपस्थित होगा और मैं इसके द्वारा अपने को आबद्ध करता हूं (या हम अपने को आबद्ध करते हैं) कि इसमें उसके द्वारा चुक किए जाने की दशा में मेरी/हमारी .... रुपए की राशि सरकार को समहृत हो जाएगी।

20............. के .... मास के............. दिन

(हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 48

प्रतिभूति देने में असफल रहने पर कारावासित व्यक्ति के उन्मोचन के लिए वारण्ट

[धारा 487 देखिए]

प्रेषिती........... (*स्थान*) की जेल का भारसाधक अधिकारी

(या वह अन्य अधिकारी जिसकी अभिरक्षा में उक्त व्यक्ति है)

.... (बन्दी का नाम और वर्णन) तारीख .... के इस न्यायालय के वारण्ट के अधीन आपकी अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया था और उसने तत्पश्चात् अपने प्रतिभू (*या प्रतिभूओं*) के सहित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 485 के अधीन बंधपत्र सम्यक् रूप से निष्पादित कर दिया है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... *(नाम)* को अपनी अभिरक्षा से, जब तक कि किसी दूसरी बात के लिए उसका निरुद्ध किया जाना आवश्यक न हो, तत्काल उन्मोचित कर दें।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 49

बंधपत्र प्रवर्तित कराने के लिए कुर्की का वारण्ट

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती.................. *(स्थान)* के पुलिस थाने का भारसाधक पुलिस अधिकारी

.........................*(व्यक्ति का नाम, वर्णन और पता)* अपने मुचलके के अनुसरण में .... *(अवसर का उल्लेख करें)* पर हाजिर होने में असफल रहा है और इस व्यतिक्रम के कारण उसकी .... *(बंधपत्र में वर्णित शास्ति)* रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो गई है और उक्त .... *(व्यक्ति का नाम)*, को सम्यक् सूचना दिए जाने पर, उक्त राशि देने में या इस बात का कि उक्त राशि की वसूली उससे क्यों न की जाए, पर्याप्त कारण बताने में असफल रहा है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त *(नाम)* .... की .... जिले के भीतर पाई जाने वाली जंगम सम्पत्ति को, उसका अभिग्रहण और निरोध करके कुर्क कर लें और यदि उक्त राशि............... दिन के भीतर नहीं दे दी जाती है, तो इस प्रकार कुर्क की गई सम्पत्ति को या उसके उतने भाग को, जो उपर्युक्त राशि की वसूली के लिए पर्याप्त हो, बेच दें और इस वारण्ट का निष्पादन करने पर तुरन्त यह विवरण दें कि आपने इस वारण्ट के अधीन क्या किया है।

20...........के.........मास के.......... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 50

बंधपत्र का भंग होने पर प्रतिभू को सूचना

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... (नाम)......... (पता)

आप 20 .... के मास के .... दिन को .... (नाम) .... (स्थान) के इसलिए प्रतिभू बने थे कि वह इस न्यायालय के समक्ष........... के..........दिन को हाजिर होगा और आपने अपने को आबद्ध किया था कि यदि इसमें व्यतिक्रम होता है तो आपकी .... रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी; और उक्त .... (नाम) इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने में असफल रहा है और इस व्यतिक्रम के कारण आपकी .... रुपए की उपर्युक्त राशि समपहृत हो गई है।

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप आज की तारीख से .... दिन के भीतर उक्त शास्ति का संदाय कर दें या यह कारण बताएं कि आपसे उक्त राशि वसूल क्यों न की जाए।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 51

सदाचार के लिए बंधपत्र के समपहरण की प्रतिभू को सूचना

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती.................. (*नाम*)................... (*पता*)

आप 20 .... के .... मास के .... दिन को .... *(नाम)* .... *(स्थान)* के लिए इस बंधपत्र द्वारा प्रतिभू बने थे कि वह............ अवधि के लिए सदाचारी रहेगा और आपने अपने को आबद्ध किया था कि इसमें व्यतिक्रम होने पर आपकी .... रुपये की राशि सरकार को समपहृत हो जाएगी; और आपके ऐसे प्रतिभू बनने के बाद से उक्त .... (*नाम*) को .... *(यहां पर संक्षेप में अपराध का उल्लेख करें)* के अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया है, इस कारण आपका प्रतिभूति बंधपत्र समपहृत हो गया है;

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप .... दिन के भीतर उक्त .... रुपए की शास्ति दे दें या यह कारण बताएं कि उसका संदाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 52
प्रतिभू के विरुद्ध कुर्की का वारण्ट
[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... *(नाम)* .... *(पता)*

...................................*(नाम, वर्णन और पता)* ने अपने को .... की हाजिरी के लिए प्रतिभू के रूप में आबद्ध किया है कि *(बंधपत्र की शर्त का उल्लेख कीजिए)* और उक्त .... *(नाम)* ने व्यतिक्रम किया है और इस कारण उसकी .... *(बंधपत्र में वर्णित शास्ति)* रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो गई है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... *(नाम)* की .... जिले के भीतर पाई जाने वाली जंगम सम्पत्ति को, उसका अभिग्रहण और निरोध करके कुर्क कर लें; और यदि उक्त राशि .... दिन के भीतर नहीं दे दी जाती है तो इस प्रकार कुर्क की गई सम्पत्ति को या उसके उतने भाग को जो उपर्युक्त राशि की वसूली के लिए पर्याप्त हो, बेच दें और इस वारण्ट का निष्पादन करने पर तुरन्त यह विवरण दें कि आपने इस वारण्ट के अधीन क्या किया है।

20.......... के.......... मास के............ दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 53

जमानत पर छोड़े गए अभियुक्त व्यक्ति के प्रतिभू की सुपुर्दगी का वारण्ट

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती................ *(स्थान)* की सिविल जेल का अधीक्षक (या पालक)।

.... *(प्रतिभू का नाम और वर्णन)* ने अपने को .... की हाजिरी के लिए प्रतिभू के रूप में आबद्ध किया है कि .... *(बंधपत्र की शर्त का उल्लेख कीजिए)*

और उक्त .... *(नाम)* को इसमें व्यतिक्रम किया है, इसलिए उक्त बंधपत्र में वर्णित शास्ति सरकार को समपहृत हो गई है; और उक्त .... *(प्रतिभू का नाम)*, को सम्यक सूचना दिए जाने पर भी उक्त राशि का संदाय करने में या ऐसा पर्याप्त कारण बताने में असफल रहा है कि उससे उक्त राशि वसूल क्यों न की जाए तथा वह राशि उसकी जंगम सम्पत्ति की कुर्की और उसे बेचकर वसूल नहीं की जा सकेगी, और सिविल जेल में, ... *(अवधि का उल्लेख कीजिए)* के लिए उसके कारावास का आदेश किया गया है;

इसलिए आप अर्थात् उक्त अधीक्षक (या पालक) को प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... *(नाम)* को अपनी अभिरक्षा में के इस वारण्ट के सहित लें और उसे उक्त जेल में उक्त .... *(कारावास की अवधि)* के लिए सुरक्षित रखें और वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20.............. के मास........... के........... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) *(हस्ताक्षर)*

प्रारूप सं० 54

परिशान्ति कायम रखने के लिए बंधपत्र के समपहरण की कर्ता को सूचना

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती............ *(नाम, वर्णन और पता)*

आपने 20 .... के .... मास के .... दिन को यह बंधपत्र निष्पादित किया था कि आप .... *(जैसा बंधपत्र में हो)* नहीं करेंगे और उस बंधपत्र के समपहरण का सबूत मेरे समक्ष दिया गया है और वह सम्यक् रूप से अभिलिखित कर लिया गया है;

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप .... दिन के भीतर .... रुपए की उक्त शास्ति का संदाय कर दें या यह कारण बताएं कि आपसे उक्त राशि वसूल क्यों न की जाए।

20.............. के.............. मास के................. दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 55
परिशान्ति कायम रखने के लिए बंधपत्र का भंग होने पर कर्ता की सम्पत्ति की कुर्की का वारण्ट
[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... *(स्थान)* के पुलिस थाने का .... *(पुलिस अधिकारी का नाम और पदनाम)*

.... *(नाम और वर्णन)* ने 20 .... के .... मास के .... दिन को .... रुपए की राशि के लिए एक बंधपत्र निष्पादित किया था जिसमें उसने अपने को आबद्ध किया था कि वह परिशान्ति का भंग आदि (जैसा बंधपत्र में हो) नहीं करेगा और उक्त बंधपत्र के समपहरण का सबूत मेरे समक्ष दिया गया है और वह सम्यक् रूप से अभिलिखित कर लिया गया है, और उक्त *(नाम)*.............. को सूचना देकर उससे अपेक्षा की गई है कि वह कारण बताए की उक्त राशि का संदाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए तथा वह ऐसा करने में या उक्त राशि का संदाय करने में असफल रहा है।

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त *(नाम)* की .... जिले में पाई जाने वाली, ... रुपए के मूल्य को जंगम सम्पत्ति को, उसका अभिग्रहण करके कुर्क कर लें और यदि उक्त राशि .... के भीतर नहीं दे दी जाती है तो इस प्रकार कुर्क की गई सम्पत्ति या उसके उतने भाग को जो उस राशि की वसूली के लिए पर्याप्त हो, बेच दें और वारण्ट का निष्पादन करने पर तुरन्त यह विवरण दें कि आपने इस वारण्ट के अधीन क्या किया है।

20 .... के ....मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 56

परिशान्ति कायम रखने के लिए बंधपत्र का भंग होने पर कारावास का वारन्ट

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... *(स्थान)* की सिविल जेल का अधीक्षक (या पालक)।

मेरे समक्ष इस बात का सबूत दिया गया है और वह सम्यक् रूप से अभिलिखित किया गया है कि .... *(नाम और वर्णन)* ने उस बंधपत्र का भंग किया है जो उसने परिशान्ति कायम रखने के लिए निष्पादित किया था और इसलिए उसकी .... रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो गई है, और उक्त.......... *(नाम)* ऊपर बताई गई राशि का संदाय करने में या यह कारण बताने में कि उक्त राशि का संदाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए, असफल रहा है, यद्यपि उससे ऐसा करने की सम्यक् रूप से अपेक्षा की गई थी तथा उक्त राशि की वसूली उसकी जंगम सम्पत्ति की कुर्की करके नहीं की जा सकती है और .... (कारावास की अवधि) की अवधि के लिए सिविल जेल में उक्त .... (नाम) के कारावास के लिए आदेश किया गया है;

इसलिए आपको अर्थात् उक्त सिविल जेल के अधीक्षक (या पालक) को प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप .... *(नाम)* को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और उसे उक्त अवधि .... *(कारावास की अवधि)* के लिए उक्त जेल में सुरक्षित रखें और वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20 .... के .... मास के ....दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 57

सदाचार के बंधपत्र के समपहरण पर कुर्की और विक्रय का वारण्ट

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... *(स्थान)* के पुलिस थाने का भारसाधक पुलिस अधिकारी।

.... (नाम, वर्णन और पता) ने 20 .... के .... मास के .... दिन को .... *(कर्ता का नाम आदि)* के सदाचार के लिए .... रुपए की राशि के बंधपत्र द्वारा प्रतिभूति दी थी और मेरे समक्ष यह सबूत दिया गया है और वह सम्यक् रूप से अभिलिखित किया गया है कि उक्त .... (नाम) ने .... का अपराध किया है और इसलिए उक्त बंधपत्र समपहृत हो गया है, और उक्त.............. (नाम) को यह अपेक्षा करते हुए सूचना दी गई थी कि वह कारण बताएं कि उक्त रकम का संदाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए तथा वह ऐसा करने में या उक्त राशि का संदाय करने में असफल रहा है;

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त .... (नाम) की, ... जिले में पाई जाने वाली .... रुपए के मूल्य की जंगम सम्पत्ति को, उसका अभिग्रहण के भीतर नहीं वाली करके कुर्क कर लें और यदि उक्त राशि .... के भीतर नहीं दे दी जाती है तो इस प्रकार कुर्क की गई सम्पत्ति या उसके उतने भाग को जो उस राशि की वसूली के लिए पर्याप्त हो बेच दें और इस वारण्ट का निष्पादन करने पर तुरन्त यह विवरण दें कि आपने इस वारण्ट के अधीन क्या किया है।

20..... के............ मास के ... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

प्रारूप सं० 58

सदाचार के लिए बंधपत्र के समपहरण पर कारावास का वारण्ट

[धारा 491 देखिए]

प्रेषिती .... (स्थान) की सिविल जेल का अधीक्षक (या पालक)

.... (नाम, वर्णन और पता) ने 20 .... के .... मास के .... दिन को, ... (कर्ता का नाम आदि) के सदाचार के लिए .... रुपए की राशि के बंधपत्र द्वारा प्रतिभूति दी थी और उक्त बंधपत्र के भंग किए जाने का सबूत मेरे समक्ष दिया गया है और वह सम्यक् रूप से अभिलिखित कर लिया गया है और इसलिए उक्त .... (नाम) को .... की रुपए की राशि सरकार को समपहृत हो गई है; और वह उक्त राशि का संदाय करने में या यह कारण बताने में कि उक्त राशि का संदाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए, असफल रहा है, यद्यपि उससे ऐसा करने की अपेक्षा सम्यक् रूप से की गई थी और उक्त राशि की वसूली उसकी जंगम सम्पत्ति की कुर्की द्वारा नहीं की जा सकती है, और सिविल जेल में .... (कारावास की अवधि) अवधि के लिए उक्त .... (नाम) के कारावास के लिए आदेश कर दिया गया है,

इसलिए आप अर्थात् अधीक्षक (या पालक) को प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त.....(नाम) को अपनी अभिरक्षा में इस वारण्ट के सहित लें और उसे उक्त जेल में उक्त अवधि .... (कारावास की अवधि) के लिए सुरक्षित रखें और वारण्ट के निष्पादन की रीति को पृष्ठांकन द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे लौटा दें।

20 .... के .... मास के .... दिन

(न्यायालय की मुद्रा) (हस्ताक्षर)

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 का तुलनात्मक अध्ययन

भाग – क

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जोड़ी गयी नयी धाराऐं

भाग – ख

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित नहीं हैं

भाग – ग

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित किये गये हैं

भाग – घ

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण

भाग – क

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जोड़ी गयी नयी धाराऐं

क्र0सं0	धारा	विवरण
1	धारा 61	इलैक्ट्रानिक या डिजिटल रिकार्ड – इस अधिनियम में कुछ भी इस आधार पर साक्ष्य में इलैक्ट्रानिक या डिजिटल रिकार्ड की ग्राह्यता से इन्कार करने के लिए लागू नहीं होगा कि यह एक इलैक्ट्रानिक या डिजिटल रिकार्ड है और ऐसे रिकार्ड का धारा 63 के अधीन समान कानूनी प्रभाव, वैधता और अन्य दस्तावेज के रूप में प्रवर्त्तनीय है।
2	धारा 63 (4) (ग)	जो इलैक्ट्रानिक दस्तावेज के बावत द्वितीयक साक्ष्य के रूप में दिये गये प्रिन्ट आउट आदि के सही होने के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र (भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में 65 (ख) प्रमाण पत्र) प्रारूप। इस सम्बन्ध में नई अनुसूची भी जोड़ी गयी है।
3	धारा 170	निरसन और व्यावृत्ति

भाग – ख

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित नहीं हैं

क्र0सं0	धारा	विवरण
1	धारा 82	मुद्रा या हस्ताक्षर के सबूत के बिना इंग्लैण्ड में ग्राह्य दस्तावेज के बारे में उपधारणा।
2	धारा 88	तार संदेशों के बारे में उपधारणा।
3	धारा 113	राज्य क्षेत्र के अध्यर्पण का सबूत।
4	धारा 166	जूरी या असेसरों की प्रश्न करने की शक्ति।

भाग – ग

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के वह प्रावधान जो संशोधन के साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में प्रावधानित किये गये हैं

क्र0सं0	धारा	विवरण
1	धारा 2 (1) (घ)	दस्तावेज- इलैक्ट्रानिक / डिजिटल रिकार्ड को भी दस्तावेज के रूप में परिभाषित किया गया है।
2	धारा 2 (1) (ङ)	साक्ष्य- खण्ड (2) जोड़ी गयी है । वें सभी कथन, जिसमें इलैक्ट्रानिक रूप में दिये गये कथन सम्मिलित हैं, जिनके जांचाधीन तथ्यों के विषयों के सम्बन्ध में न्यायालय अपने सामने साक्षियों द्वारा किये जाने की अनुज्ञा देता है या अपेक्षा करता है ऐसे कथन मौखिक साक्ष्य कहलाते हैं।
3	धारा 22	उत्प्रेरणा, धमकी, **प्रपीड़न** या वचन द्वारा करायी गयी संस्वीकृति दाण्डिक कार्यवाही में कब विसंगत होती है- इस संहिता में प्रपीड़न शब्द को जोड़ा गया है।
4	धारा 24	**सहअभियुक्त की संस्वीकृति**- साबित संस्वीकृति को, जो उसे करने वाले व्यक्ति और एक ही अपराध के लिए संयुक्त रुप से विचारित अन्य को प्रभावित करती है विचार में लेना। इस धारा में स्पष्टीकरण 2 जोड़ी गयी है जिसके अनुसार- एक से अधिक व्यक्तियों का विचारण किसी ऐसे अभियुक्त की अनुपस्थिति में किया जाता है जो भगोड़ा है या जो BNSS 2023 की धारा 84 के अधीन जारी उदघोषणा का अनुपालन करने में असफल रहता है, इस धारा के प्रयोजन के लिए संयुक्त विचारण समझा जायेगा।
5	धारा 39	**विशेषज्ञों की राय**- पूर्व में विज्ञान, विदेशी विधि व कला के सम्बन्ध में विशेषज्ञों की राय सुसंगत थी BSA 2023 में संशोधन कर **अन्य क्षेत्रों** में भी विशेषज्ञों की राय सुसंगत बनायी गयी है विशेषज्ञों की राय को विस्तृत किया गया है।
6	धारा 57	**प्राथमिक साक्ष्य**- इलैक्ट्रानिक या डिजिटल अभिलेख के सम्बन्ध में 4 नये स्पष्टीकरण जोड़े गये हैं जिनके द्वारा इलैक्ट्रानिक या डिजिटल अभिलेख से सम्बन्धित प्राथमिक साक्ष्य को विस्तृत रुप प्रदान किया गया है जो निम्नवत है- **स्पष्टीकरण 4**- जहां कोई इलैक्ट्रानिक या डिजिटल अभिलेख

		सृजित या भंडारित किया जाता है और ऐसा भंडारण एक साथ या पश्चातवर्ती रुप से अनेक फाइलों में किया जाता है, उनमें से हर एक फाइल प्राथमिक साक्ष्य है। **स्पष्टीकरण 5-** जहां कोई इलैक्ट्रानिक या डिजिटल अभिलेख समुचित अभिरक्षा से प्रस्तुत किया जाता है, ऐसा इलैक्ट्रानिक और डिजिटल अभिलेख प्राथमिक साक्ष्य है, जब तक कि वह विवादग्रस्त नहीं है। **स्पष्टीकरण 6-** जहां किसी वीडियो रिकार्डिंग को इलैक्ट्रानिक प्रारुप में एक साथ भंडारित किया जाता है और किसी अन्य व्यक्ति को पारेषित या प्रसारित या अंतरित किया जाता है तो हर एक भंडारित रिकार्डिंग प्राथमिक साक्ष्य है। **स्पष्टीकरण 7-** जहां किसी इलैक्ट्रानिक या डिजिटल अभिलेख को किसी कम्प्यूटर संसाधन में एक से अधिक भंडारण स्थान में भंडारित किया जाता है, ऐसा प्रत्येक स्वचालित भंडारण, जिसके अंतर्गत अस्थायी फाइलें हैं, प्राथमिक साक्ष्य है।

भाग – घ

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों का तुलनात्मक विवरण

भारतीय साक्ष्य अधीनियम 1872		भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023	
धारा	**शीर्षक**	**धारा**	**शीर्षक**
भाग – 1 तथ्यों की सुसंगति अध्याय – 01 प्रारम्भिक		**भाग – 1 तथ्यों की सुसंगति अध्याय – 01 प्रारम्भिक**	
1	संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ	1	संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ
2	अधिनियमितियों का निरसन	**अधिनियम में प्रावधान नहीं हैं।**	
3	निर्वचन खण्ड	2	परिभाषाऐं **(संशोधन)*****
4	उपधारणा कर सकेगा	2 (1) (ज)	उपधारणा कर सकेगा
	उपधारणा करेगा	2 (1) (ठ)	उपधारणा करेगा
	निश्चायक सबूत	2 (1) (ख)	निश्चायक सबूत
अध्याय – 02 तथ्यों की सुसंगति के विषय में		**भाग – 02 अध्याय – 02 तथ्यों की सुसंगति के विषय में**	
5	विवादक तथ्यों और सुसंगत तथ्यों का साक्ष्य दिया जा सकेगा	3	विवादक तथ्यों और सुसंगत तथ्यों का साक्ष्य दिया जा सकेगा
6	एक ही संव्यवहार के भाग होने वाले तथ्यों की सुसंगति	4	एक ही संव्यवहार के भाग होने वाले तथ्यों की सुसंगति
7	वे तथ्य जो विवादक तथ्यों के प्रसंग हेतुक या परिणाम हैं	5	वे तथ्य जो विवादक तथ्यों के प्रसंग हेतुक या परिणाम हैं
8	हेतु, तैयारी और पूर्व का या पश्चात का आचरण	6	हेतु, तैयारी और पूर्व का या पश्चात का आचरण
9	सुसंगत तथ्यों के स्पष्टीकरण या पुर्नस्थापना के लिए आवश्यक तथ्य	7	सुसंगत तथ्यों के स्पष्टीकरण या पुर्नस्थापना के लिए आवश्यक तथ्य
10	सामान्य परिकल्पना के बारे में षडयंत्रकारी द्वारा कही या की गई बातें	8	सामान्य परिकल्पना के बारे में षडयंत्रकारी द्वारा कही या की गई बातें

11	वे तथ्य जो अन्यथा सुसंगत नहीं हैं कब सुसंगत है	9	वे तथ्य जो अन्यथा सुसंगत नहीं हैं कब सुसंगत है
12	नुकसानी के लिए वादों में रकम अवधारित करने के लिए न्यायालय को समर्थ करने की प्रवृत्ति रखने वाले तथ्य सुसंगत हैं	10	नुकसानी के लिए वादों में रकम अवधारित करने के लिए न्यायालय को समर्थ करने की प्रवृत्ति रखने वाले तथ्य सुसंगत हैं
13	जब कि अधिकार या रूढ़ि प्रश्नगत है, तब सुसंगत तथ्य	11	जब कि अधिकार या रूढ़ि प्रश्नगत है, तब सुसंगत तथ्य
14	मन या शरीर की दशा या शारीरिक संवेदना का अस्तित्व दर्शित करने वाले तथ्य	12	मन या शरीर की दशा या शारीरिक संवेदना का अस्तित्व दर्शित करने वाले तथ्य
15	कार्य आकस्मिक या साशय था इस प्रश्न पर प्रकाश डालने वाले तथ्य	13	कार्य आकस्मिक या साशय था इस प्रश्न पर प्रकाश डालने वाले तथ्य
16	कारबार के अनुक्रम का अस्तित्व कब सुसंगत है	14	कारबार के अनुक्रम का अस्तित्व कब सुसंगत है
17	स्वीकृति की परिभाषा	15	स्वीकृति की परिभाषा
18	स्वीकृति कार्यवाही के पक्षकार या उसके अभिकर्ता द्वारा	16	स्वीकृति कार्यवाही के पक्षकार या उसके अभिकर्ता द्वारा
19	उन व्यक्तियों द्वारा स्वीकृतियां जिनकी स्थिति वाद के पक्षकारों के विरुद्ध साबित की जानी चाहिये	17	उन व्यक्तियों द्वारा स्वीकृतियां जिनकी स्थिति वाद के पक्षकारों के विरुद्ध साबित की जानी चाहिये
20	वाद के पक्षकार द्वारा अभिव्यक्त रूप से निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा स्वीकृतियां	18	वाद के पक्षकार द्वारा अभिव्यक्त रूप से निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा स्वीकृतियां
21	स्वीकृतियों का उन्हें करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध और उनके द्वारा या उनकी ओर से साबित किया जाना	19	स्वीकृतियों का उन्हें करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध और उनके द्वारा या उनकी ओर से साबित किया जाना
22	दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु, के बारे में मौखिक स्वीकृतियां कब सुसंगत होती हैं	20	दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु, के बारे में मौखिक स्वीकृतियां कब सुसंगत होती हैं
22 क	इलैक्ट्रानिक अभिलेख की अन्तर्वस्तु के बारे में मौखिक स्वीकृतियां कब सुसंगत होती है		
23	सिविल मामलों में स्वीकृतियां कब	21	सिविल मामलों में स्वीकृतियां कब

	सुसंगत होती हैं		सुसंगत होती हैं
24	उत्प्रेरणा, धमकी या वचन द्वारा कराई गई संस्वीकृति दाण्डिक कार्यवाही में कब विसंगत होती है.	22	उत्प्रेरणा, धमकी, **प्रपीड़न** या वचन द्वारा कराई गई संस्वीकृति दाण्डिक कार्यवाही में कब विसंगत होती है. **(संशोधन)*****
25	पुलिस ऑफिसर से की गई संस्वीकृति का साबित न किया जाना	23 (1)	पुलिस ऑफिसर से की गई संस्वीकृति का साबित न किया जाना
26	पुलिस की अभिरक्षा में होते हुए अभियुक्त द्वारा की गई संस्वीकृति का उसके विरुद्ध साबित न किया जाना	23 (2)	पुलिस की अभिरक्षा में होते हुए अभियुक्त द्वारा की गई संस्वीकृति का उसके विरुद्ध साबित न किया जाना
27	अभियुक्त से प्राप्त जानकारी में से कितनी साबित की जा सकेगी	23 (2) परन्तुक	अभियुक्त से प्राप्त जानकारी में से कितनी साबित की जा सकेगी
28	उत्प्रेरणा, धमकी या वचन से पैदा हुए मन पर प्रभाव के दूर हो जाने के पश्चात की गई संस्वीकृति सुसंगत है	22 परन्तुक (1)	उत्प्रेरणा, धमकी या वचन से पैदा हुए मन पर प्रभाव के दूर हो जाने के पश्चात की गई संस्वीकृति सुसंगत है
29	अन्यथा सुसंगत संस्वीकृति को गुप्त रखने के वचन आदि के कारण विसंगत न हो जाना	22 परन्तुक (2)	अन्यथा सुसंगत संस्वीकृति को गुप्त रखने के वचन आदि के कारण विसंगत न हो जाना
30	साबित संस्वीकृति को, जो उसे करने वाले व्यक्ति तथा एक ही अपराध के लिए संयुक्त रूप से विचारित अन्य को प्रभावित करती है विचार में लेना	24	साबित संस्वीकृति को, जो उसे करने वाले व्यक्ति तथा एक ही अपराध के लिए संयुक्त रूप से विचारित अन्य को प्रभावित करती है विचार में लेना **(संशोधन)*****
31	स्वीकृतियां निश्चायक सबूत नहीं हैं किन्तु विबंध कर सकती हैं	25	स्वीकृतियां निश्चायक सबूत नहीं हैं किन्तु विबंध कर सकती हैं
32	वे दशायें जिनमें उस व्यक्ति द्वारा सुसंगत तथ्य का किया गया कथन सुसंगत है, जो मर गया है या मिल नहीं सकता, इत्यादिं है सुसंगत तथ्य है	26	वे दशायें जिनमें उस व्यक्ति द्वारा सुसंगत तथ्य का किया गया कथन सुसंगत है, जो मर गया है या मिल नहीं सकता, इत्यादिं है सुसंगत तथ्य है
33	किसी साक्ष्य में कथित तथ्यों, की सत्यता को पश्चात्वर्ती कार्यवाही में	27	किसी साक्ष्य में कथित तथ्यों, की सत्यता को पश्चात्वर्ती कार्यवाही में

	साबित करने के लिए उस साक्ष्य की सुसंगति		साबित करने के लिए उस साक्ष्य की सुसंगति
विशेष परिस्थितियों में किये गये कथन		**विशेष परिस्थितियों में किये गये कथन**	
34	लेखा-पुस्तकों की प्रविष्टियां, जिनके अन्तर्गत वे भी हैं जो इलैक्ट्रानिक रूप में रखी गई हैं कब सुसंगत है	28	लेखा-पुस्तकों की प्रविष्टियां, जिनके अन्तर्गत वे भी हैं जो इलैक्ट्रानिक रूप में रखी गई हैं कब सुसंगत है
35	कर्तव्य पालन में की गई लोक अभिलेख या इलैक्ट्रानिक अभिलेख की प्रविष्टियों की सुसंगति	29	कर्तव्य पालन में की गई लोक अभिलेख या इलैक्ट्रानिक अभिलेख की प्रविष्टियों की सुसंगति
36	मानचित्रों, चार्टों और रेखांकों के कथनों की सुसंगति	30	मानचित्रों, चार्टों और रेखांकों के कथनों की सुसंगति
37	किन्हीं अधिनियमों या अधिसूचनाओं में अन्तर्विष्ट लोक प्रकृति के तथ्य के बारे में कथन की सुसंगति	31	किन्हीं अधिनियमों या अधिसूचनाओं में अन्तर्विष्ट लोक प्रकृति के तथ्य के बारे में कथन की सुसंगति
38	विधि की पुस्तकों में अन्तर्विष्ट किसी विधि के कथनों की सुसंगति	32	विधि की पुस्तकों में अन्तर्विष्ट किसी विधि के कथनों की सुसंगति
किसी कथन में से कितना साबित किया जा सकेगा		**किसी कथन में से कितना साबित किया जा सकेगा**	
39	जब कि कथन किसी बातचीत, दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक अभिलेख, पुस्तक अथवा पत्रों या कागज पत्रों की आवली का भाग हो, तब क्या साक्ष्य दिया जाय	33	जब कि कथन किसी बातचीत, दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक अभिलेख, पुस्तक अथवा पत्रों या कागज पत्रों की आवली का भाग हो, तब क्या साक्ष्य दिया जाय
न्यायालय के निर्णय कब सुसंगत हैं		**न्यायालय के निर्णय कब सुसंगत हैं**	
40	द्वितीय वाद या विचारण के न्यायालयों के निर्णय कब सुसंगत हैं	34	द्वितीय वाद या विचारण के न्यायालयों के निर्णय कब सुसंगत हैं
41	प्रोबेट, इत्यादि विषयक अधिकारिता के किन्हीं निर्णयों की सुसंगति	35	प्रोबेट, इत्यादि विषयक अधिकारिता के किन्हीं निर्णयों की सुसंगति
42	धारा 41 में वर्णित से भिन्न निर्णयों,	36	धारा 35 में वर्णित से भिन्न निर्णयों,

	आदेशों या डिक्रियों की सुसंगति और प्रभाव		आदेशों या डिक्रियों की सुसंगति और प्रभाव
43	धारा 40 से 42 तक में वर्णित से भिन्न निर्णय यदि कब सुसंगत हैं	37	धारा 34 से 36 तक में वर्णित से भिन्न निर्णय यदि कब सुसंगत हैं
44	निर्णय अभिप्राप्त करने में कपट या दुरसंधि अथवा न्यायालय की अक्षमता साबित की जा सकेगी	38	निर्णय अभिप्राप्त करने में कपट या दुरसंधि अथवा न्यायालय की अक्षमता साबित की जा सकेगी
अन्य व्यक्तियों की राय कब सुसंगत है		**अन्य व्यक्तियों की राय कब सुसंगत है**	
45	विशेषज्ञों की राय	39 (1)	विशेषज्ञों की राय **(संशोधन)***
45 क	इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के परीक्षक की राय	39 (2)	इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के परीक्षक की राय
46	विशेषज्ञों की रायों से सम्बन्धित तथ्य	40	विशेषज्ञों की रायों से सम्बन्धित तथ्य
47	हस्तलेख के बारे में राय कब सुसंगत है	41 (1)	हस्तलेख के बारे में राय कब सुसंगत है
47 क	इलेक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में राय कहां सुसंगत है.	41 (2)	इलेक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में राय कहां सुसंगत है
48	अधिकार या रूढ़ि के अस्तित्व के बारे में रायें कब सुसंगत हैं	42	अधिकार या रूढ़ि के अस्तित्व के बारे में रायें कब सुसंगत हैं
49	प्रथाओं, सिद्धांतों आदि के बारे में रायें कब सुसंगत हैं	43	प्रथाओं, सिद्धांतों आदि के बारे में रायें कब सुसंगत हैं
50	नातेदारी के बारे में राय कब सुसंगत है	44	नातेदारी के बारे में राय कब सुसंगत है
51	राय के आधार कब सुसंगत हैं	45	राय के आधार कब सुसंगत हैं
शील कब सुसंगत है		**शील कब सुसंगत है**	
52	सिविल मामलों में अध्यारोपित आचरण साबित करने के लिए शील विसंगत है	46	सिविल मामलों में अध्यारोपित आचरण साबित करने के लिए शील विसंगत है
53	दाण्डिक मामलों में पूर्वतन अच्छा शील सुसंगत है	47	दाण्डिक मामलों में पूर्वतन अच्छा शील सुसंगत है
53 क	कतिपय मामलों में शील या पूर्व लैंगिक अनुभव के साक्ष्य का सुसंगत नहीं	48	कतिपय मामलों में शील या पूर्व लैंगिक अनुभव के साक्ष्य का सुसंगत नहीं

54	उत्तर में होने के सिवाय पूर्वतन बुरा शील सुसंगत नहीं है	49	उत्तर में होने के सिवाय पूर्वतन बुरा शील सुसंगत नहीं है
55	नुकसानी पर प्रभाव डालने वाला शील	50	नुकसानी पर प्रभाव डालने वाला शील
भाग 2 सबूत के विषय में अध्याय 3 तथ्य जिनका साबित किया जाना आवश्यक नहीं है		**भाग – 3 सबूत के विषय में अध्याय 3 तथ्य जिनका साबित किया जाना आवश्यक नहीं है**	
56	न्यायिक रूप से अवेक्षणीय तथ्य साबित करना आवश्यक नहीं है	51	न्यायिक रूप से अवेक्षणीय तथ्य साबित करना आवश्यक नहीं है
57	वे तथ्य, जिनकी न्यायिक अवेक्षा न्यायालय को करनी होगी	52	वे तथ्य, जिनकी न्यायिक अवेक्षा न्यायालय को करनी होगी
58	स्वीकृत तथ्यों को साबित करना आवश्यक नहीं है	53	स्वीकृत तथ्यों को साबित करना आवश्यक नहीं है
अध्याय 4 मौखिक साक्ष्य के विषय में		**अध्याय 4 मौखिक साक्ष्य के विषय में**	
59	मौखिक साक्ष्य द्वारा तथ्यों का साबित किया जाना	54	मौखिक साक्ष्य द्वारा तथ्यों का साबित किया जाना
60	मौखिक साक्ष्य प्रत्यक्ष होना चाहिए	55	मौखिक साक्ष्य प्रत्यक्ष होना चाहिए
अध्याय 5 दस्तावेजी साक्ष्य के विषय में		**अध्याय 5 दस्तावेजी साक्ष्य के विषय में**	
61	दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु का सबूत	56	दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु का सबूत
62	प्राथमिक साक्ष्य	57	प्राथमिक साक्ष्य **(संशोधन)*****
63	द्वितीयिक साक्ष्य	58	द्वितीयिक साक्ष्य
64	दस्तावेजों का प्राथमिक साक्ष्य द्वारा साबित किया जाना	59	दस्तावेजों का प्राथमिक साक्ष्य द्वारा साबित किया जाना
65	अवस्थाएं जिनमें दस्तावेजों के सम्बन्ध में द्वितीयक साक्ष्य दिया जा सकेगा	60	अवस्थाएं जिनमें दस्तावेजों के सम्बन्ध में द्वितीयक साक्ष्य दिया जा सकेगा
65 क	इलेक्ट्रानिक अभिलेख से संबंधित साक्ष्य के बारे में विशेष उपबंध	62	इलेक्ट्रानिक अभिलेख से संबंधित साक्ष्य के बारे में विशेष उपबंध
65 ख	इलेक्ट्रानिक अभिलेखों की ग्राह्यता	63	इलेक्ट्रानिक अभिलेखों की ग्राह्यता
66	पेश करने की सूचना के बारे में नियम	64	पेश करने की सूचना के बारे में नियम

67	जिस व्यक्ति के बारे में अभिकथित है कि उसने पेश की गई दस्तावेज को हस्ताक्षरित किया था या लिखा था उस व्यक्ति के हस्ताक्षर या हस्तलेख का साबित किया जाना	65	जिस व्यक्ति के बारे में अभिकथित है कि उसने पेश की गई दस्तावेज को हस्ताक्षरित किया था या लिखा था उस व्यक्ति के हस्ताक्षर या हस्तलेख का साबित किया जाना
67 क	इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में सबूत	66	इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में सबूत
68	ऐसी दस्तावेज के निष्पादन का साबित किया जाना जिसका अनुप्रमाणित होना विधि द्वारा अपेक्षित है	67	ऐसी दस्तावेज के निष्पादन का साबित किया जाना जिसका अनुप्रमाणित होना विधि द्वारा अपेक्षित है
69	जब किसी भी अनुप्रमाणक साक्षी का पता न चले तब सबूत	68	जब किसी भी अनुप्रमाणक साक्षी का पता न चले तब सबूत
70	अनुप्रमाणित दस्तावेज के पक्षकार द्वारा निष्पादन की स्वीकृति	69	अनुप्रमाणित दस्तावेज के पक्षकार द्वारा निष्पादन की स्वीकृति
71	जबकि अनुप्रमाणक साक्षी निष्पादन का प्रत्याख्यान करता है, तब सबूत	70	जबकि अनुप्रमाणक साक्षी निष्पादन का प्रत्याख्यान करता है, तब सबूत
72	उस दस्तावेज का साबित किया जाना जिसका अनुप्रमाणित होना विधि द्वारा अपेक्षित नहीं है	71	उस दस्तावेज का साबित किया जाना जिसका अनुप्रमाणित होना विधि द्वारा अपेक्षित नहीं है
73	हस्ताक्षर, लेख या मुद्रा की तुलना अन्यों से जो स्वीकृत या साबित हैं	72	हस्ताक्षर, लेख या मुद्रा की तुलना अन्यों से जो स्वीकृत या साबित हैं
73 क	डिजिटल हस्ताक्षर के सत्यापन के बारे में सबूत	73	डिजिटल हस्ताक्षर के सत्यापन के बारे में सबूत
लोक दस्तावेज		**लोक दस्तावेज**	
74	लोक दस्तावेजें	74 (1)	लोक दस्तावेजें
75	प्राइवेट दस्तावेजें	74 (2)	प्राइवेट दस्तावेजें
76	लोक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां	75	लोक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां
77	प्रमाणित प्रतियों के पेश करने द्वारा दस्तावेजों का सबूत	76	प्रमाणित प्रतियों के पेश करने द्वारा दस्तावेजों का सबूत
78	अन्य शासकीय दस्तावेजों का सबूत	77	अन्य शासकीय दस्तावेजों का

			सबूत
दस्तावेजों के बारे में उपधारणाएं		**दस्तावेजों के बारे में उपधारणाएं**	
79	प्रमाणित प्रतियों के असली होने के बारे में उपधारणा	78	प्रमाणित प्रतियों के असली होने के बारे में उपधारणा
80	साक्ष्य के अभिलेख के तौर पर पेश की गई दस्तावेजों के बारे में उपधारणा	79	साक्ष्य के अभिलेख के तौर पर पेश की गई दस्तावेजों के बारे में उपधारणा
81	राजपत्रों, समाचारपत्रों, पार्लमेंट, प्राइवेट ऐक्टों और अन्य दस्तावेजों के बारे में उपधारणाएं	80	राजपत्रों, समाचारपत्रों, पार्लमेंट, प्राइवेट ऐक्टों और अन्य दस्तावेजों के बारे में उपधारणाएं
81 क	इलेक्ट्रानिक रूप में राजपत्र के बारे में उपधारणा	81	इलेक्ट्रानिक रूप में राजपत्र के बारे में उपधारणा
82	मुद्रा या हस्ताक्षर के सबूत के बिना इंग्लैंड में ग्राह्य दस्तावेज के बारे में उपधारणा	**अधिनियम में प्रावधान नहीं हैं।**	
83	सरकार के प्राधिकार द्वारा बनाए गए मानचित्रों या रेखांकों के बारे में उपधारणा	82	सरकार के प्राधिकार द्वारा बनाए गए मानचित्रों या रेखांकों के बारे में उपधारणा
84	विधियों के संग्रह और विनिश्चयों की रिपोर्टों के बारे में उपधारणा	83	विधियों के संग्रह और विनिश्चयों की रिपोर्टों के बारे में उपधारणा
85	मुख्तारनामों के बारे में उपधारणा	84	मुख्तारनामों के बारे में उपधारणा
85 क	इलेक्ट्रानिक करार के बारे में उपधारणा	85	इलेक्ट्रानिक करार के बारे में उपधारणा
85 ख	इलेक्ट्रानिक अभिलेखों और इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में उपधारणा	86	इलेक्ट्रानिक अभिलेखों और इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर के बारे में उपधारणा
85 ग	इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के बारे में उपधारणा	87	इलैक्ट्रानिक हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के बारे में उपधारणा
86	विदेशी न्यायिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों के बारे में उपधारणा	88	विदेशी न्यायिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों के बारे में उपधारणा
87	पुस्तकों, मानचित्रों और चार्टों के बारे में उपधारणा	89	पुस्तकों, मानचित्रों और चार्टों के बारे में उपधारणा

88	तार संदेशों के बारे में उपधारणा	**अधिनियम में प्रावधान नहीं हैं।**	
88 क	इलैक्ट्रानिक संदेशों के बारे में उपधारणा	90	इलैक्ट्रानिक संदेशों के बारे में उपधारणा
89	पेश न की गयी दस्तवेजों के सम्यक निषपादन आदि के बारे में उपधारणा	91	पेश न की गयी दस्तवेजों के सम्यक निषपादन आदि के बारे में उपधारणा
90	30 वर्ष पुरानी दस्तावेजों के बारे में उपधारणा	92	30 वर्ष पुरानी दस्तावेजों के बारे में उपधारणा
90 क	5 वर्ष पुराने इलेक्ट्रानिक अभिलेखों के बारे में उपधारणा	93	5 वर्ष पुराने इलेक्ट्रानिक अभिलेखों के बारे में उपधारणा
अध्याय 6 **दस्तावेजी साक्ष्यों द्वारा मौखिक साक्ष्य के अपवर्जन के विषय में**		**अध्याय 6** **दस्तावेजी साक्ष्यों द्वारा मौखिक साक्ष्य के अपवर्जन के विषय में**	
91	दस्तावेजो के रुप में लेखबद्ध संविदाओं, अनुदानों तथा सम्पत्ति के अन्य व्ययनों के निबन्धनों का साक्ष्य	94	दस्तावेजो के रुप में लेखबद्ध संविदाओं, अनुदानों तथा सम्पत्ति के अन्य व्ययनों के निबन्धनों का साक्ष्य
92	मौखिक करार के साक्ष्य का अपवर्जन	95	मौखिक करार के साक्ष्य का अपवर्जन
93	संदिग्धार्थ दस्तावेज को स्पष्ट करने या उसका संशोधन करने के साक्ष्य का अपवर्जन	96	संदिग्धार्थ दस्तावेज को स्पष्ट करने या उसका संशोधन करने के साक्ष्य का अपवर्जन
94	विद्यमान तथ्यों को दस्तावेज के लागू होने के विरुद्ध साक्ष्य का अपवर्जन	97	विद्यमान तथ्यों को दस्तावेज के लागू होने के विरुद्ध साक्ष्य का अपवर्जन
95	विद्यमान तथ्यों के सन्दर्भ में अर्थहीन दस्तावेज के बारे में साक्ष्य	98	विद्यमान तथ्यों के सन्दर्भ में अर्थहीन दस्तावेज के बारे में साक्ष्य
96	उस भाषा के लागू होने के बारे में साक्ष्य जो कई व्यक्तियों में से केवल एक को लागू हो सकती है	99	उस भाषा के लागू होने के बारे में साक्ष्य जो कई व्यक्तियों में से केवल एक को लागू हो सकती है
97	तथ्यों के दो संवर्गों में से जिनमें से किसी एक को भी व भाषा पूरी की पूरी ठीक ठाक लागू नहीं होती, उसमें से एक को	100	तथ्यों के दो संवर्गों में से जिनमें से किसी एक को भी व भाषा पूरी की पूरी ठीक ठाक लागू नहीं होती,

	भाषा के लागू होने के बारे में साक्ष्य		उसमें से एक को भाषा के लागू होने के बारे में साक्ष्य
98	न पढ़ी जा सकने वाली लिपि आदि के अर्थ के बारे में साक्ष्य	101	न पढ़ी जा सकने वाली लिपि आदि के अर्थ के बारे में साक्ष्य
99	दस्तावेज के निबन्धनों में फेरफार करने वाले करार का साक्ष्य कौन दे सकेगा ?	102	दस्तावेज के निबन्धनों में फेरफार करने वाले करार का साक्ष्य कौन दे सकेगा ?
100	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के विल सम्बन्धी उपबन्धों की व्यावृत्ति	103	भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के विल सम्बन्धी उपबन्धों की व्यावृत्ति
भाग – 3 साक्ष्य का पेश किया जाना और प्रभाव अध्याय 7 सबूत के भार के विषय में		**भाग – 4 साक्ष्य का पेश किया जाना और प्रभाव अध्याय 7 सबूत के भार के विषय में**	
101	सबूत का भार	104	सबूत का भार
102	सबूत का भार किस पर होता है	105	सबूत का भार किस पर होता है
103	विशिष्ट तथ्य के बारे में सबूत का भार	106	विशिष्ट तथ्य के बारे में सबूत का भार
104	साक्ष्य को ग्राह्य बनाने के लिए जो तथ्य साबित किया जाना हो, उसे साबित करने का भार	107	साक्ष्य को ग्राह्य बनाने के लिए जो तथ्य साबित किया जाना हो, उसे साबित करने का भार
105	यह साबित करने का भार कि अभियुक्त का मामला अपवादों के अन्तर्गत आता है	108	यह साबित करने का भार कि अभियुक्त का मामला अपवादों के अन्तर्गत आता है
106	विशेषतः ज्ञात तथ्य को साबित करने का भार	109	विशेषतः ज्ञात तथ्य को साबित करने का भार
107	उस व्यक्ति की मृत्यु साबित करने का भार जिसका 30 वर्ष के भीतर जीवित होना ज्ञात है	110	उस व्यक्ति की मृत्यु साबित करने का भार जिसका 30 वर्ष के भीतर जीवित होना ज्ञात है
108	यह साबित करने का भार कि वह व्यक्ति, जिसके बारे में 07 वर्ष से कुछ सुना नहीं गया है, जीवित है	111	यह साबित करने का भार कि वह व्यक्ति, जिसके बारे में 07 वर्ष से कुछ सुना नहीं गया है, जीवित है
109	भागीदारों, भू-स्वामी और अभिधारी, मालिक और अभिकर्ता के मामलों में	112	भागीदारों, भू-स्वामी और अभिधारी, मालिक और अभिकर्ता

	सबूत का भार		के मामलों में सबूत का भार
110	स्वामित्व के बारे में सबूत का भार	113	स्वामित्व के बारे में सबूत का भार
111	उन संव्यवहारों में सद्भाव का साबित किया जाना जिनमें एक पक्षकार का सम्बन्ध सक्रिय विश्वास का है	114	उन संव्यवहारों में सद्भाव का साबित किया जाना जिनमें एक पक्षकार का सम्बन्ध सक्रिय विश्वास का है
111 क	कुछ अपराधों के बारे में उपधारणा	115	कुछ अपराधों के बारे में उपधारणा
112	विवाहित स्थिति के दौरान में जन्म होना धर्मजत्व का निश्चायक सबूत है	116	विवाहित स्थिति के दौरान में जन्म होना धर्मजत्व का निश्चायक सबूत है
113	राज्यक्षेत्र के अध्यर्पण का सबूत	**अधिनियम में प्रावधान नहीं हैं।**	
113 क	किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के बारे में उपधारणा	117	किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के बारे में उपधारणा
113 ख	दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा	118	दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा
114	न्यायालय किन्हीं तथ्यों का अस्तित्व उपधारित कर सकेगा	119	न्यायालय किन्हीं तथ्यों का अस्तित्व उपधारित कर सकेगा
114 क	बलात्संग के लिए कतिपय अभियोजन में सम्मत्ति के न होने के बारे में उपधारणा	120	बलात्संग के लिए कतिपय अभियोजन में सम्मत्ति के न होने के बारे में उपधारणा
अध्याय 8 विबंध		**अध्याय 8 विबंध**	
115	विबंध	121	विबंध
116	अभिधारी का और कब्जाधारी व्यक्ति के अनुज्ञप्तिधारी का विबंध	122	अभिधारी का और कब्जाधारी व्यक्ति के अनुज्ञप्तिधारी का विबंध
117	विनिमय-पत्र के प्रतिगृहीता का, उपनिहिती का या अनुज्ञप्तिधारी का विबन्ध	123	विनिमय-पत्र के प्रतिगृहीता का, उपनिहिती का या अनुज्ञप्तिधारी का विबन्ध
अध्याय 9 साक्षियों के विषय में		**अध्याय 9 साक्षियों के विषय में**	
118	कौन साक्ष्य दे सकेगा	124	कौन साक्ष्य दे सकेगा
119	साक्षी का मौखिक रूप से संसूचित करने में असमर्थ होना	125	साक्षी का मौखिक रूप से संसूचित करने में असमर्थ होना

120	सिविल वाद के पक्षकार और उनकी पत्नियाँ या पति, दाण्डिक विचारण के अधीन व्यक्ति का पति या पत्नी	126	सिविल वाद के पक्षकार और उनकी पत्नियाँ या पति, दाण्डिक विचारण के अधीन व्यक्ति का पति या पत्नी
121	न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट	127	न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट
122	विवाहित स्थिति के दौरान में की गई संसूचनाएं	128	विवाहित स्थिति के दौरान में की गई संसूचनाएं
123	राज्य का कार्यकलापों के बारे में साक्ष्य	129	राज्य का कार्यकलापों के बारे में साक्ष्य
124	शासकीय संसूचनाएं	130	शासकीय संसूचनाएं
125	अपराधों के करने के बारे में जानकारी	131	अपराधों के करने के बारे में जानकारी
126	वृत्तिक संसूचनाए	132 (1)	वृत्तिक संसूचनाए
127	धारा 126 दुभाषियों आदि को लागू होगी	132 (3)	धारा 132 दुभाषियों आदि को लागू होगी
128	साक्ष्य देने के लिए स्वयमेव उद्यत होने से विशेषाधिकार अभित्यक्त नहीं हो जाता	133	साक्ष्य देने के लिए स्वयमेव उद्यत होने से विशेषाधिकार अभित्यक्त नहीं हो जाता
129	विधि सलाहकारों से गोपनीय संसूचनाएं	134	विधि सलाहकारों से गोपनीय संसूचनाएं
130	जो साक्षी पक्षकार नहीं है उसके हक-विलेखों का पेश किया जाना	135	जो साक्षी पक्षकार नहीं है उसके हक-विलेखों का पेश किया जाना
131	ऐसे दस्तावेजों या इलेक्ट्रानिक अभिलेखों का पेश किया जाना, जिन्हें कोई दूसरा व्यक्ति, जिसका उन पर कब्जा है, पेश करने से इन्कार कर सकता था	136	ऐसे दस्तावेजों या इलेक्ट्रानिक अभिलेखों का पेश किया जाना, जिन्हें कोई दूसरा व्यक्ति, जिसका उन पर कब्जा है, पेश करने से इन्कार कर सकता था
132	इस आधार पर कि उत्तर उसे अपराध में फंसाएगा, साक्षी उत्तर देने से क्षम्य न होगा	137	इस आधार पर कि उत्तर उसे अपराध में फंसाएगा, साक्षी उत्तर देने से क्षम्य न होगा
133	सह-अपराधी	138	सह-अपराधी
134	साक्षियों की संख्या	139	साक्षियों की संख्या

अध्याय 10 साक्षियों की परीक्षा के विषय में		**अध्याय 10 साक्षियों की परीक्षा के विषय में**	
135	साक्षियों के पेशकरण और उनकी परीक्षा का क्रम	140	साक्षियों के पेशकरण और उनकी परीक्षा का क्रम
136	न्यायाधीश साक्ष्य की ग्राह्यता के बारे में निश्चय करेगा	141	न्यायाधीश साक्ष्य की ग्राह्यता के बारे में निश्चय करेगा
137	मुख्य परीक्षा, प्रतिपरीक्षा, पुनः परीक्षा	142	मुख्य परीक्षा, प्रतिपरीक्षा, पुनः परीक्षा
138	परीक्षाओं का क्रम, पुनः परीक्षा की दिशा	143	परीक्षाओं का क्रम, पुनः परीक्षा की दिशा
139	किसी दस्तावेज को पेश करने के लिए समनित व्यक्ति की प्रतिपरीक्षा	144	किसी दस्तावेज को पेश करने के लिए समनित व्यक्ति की प्रतिपरीक्षा
140	शील का साक्ष्य देने वाले साक्षी	145	शील का साक्ष्य देने वाले साक्षी
141	सूचक प्रश्न	146	सूचक प्रश्न
142	उन्हें कब नहीं पूछना चाहिए		उन्हें कब नहीं पूछना चाहिए
143	उन्हें कब पूछा जा सकेगा		उन्हें कब पूछा जा सकेगा
144	लेखबद्ध विषयों के बारे में साक्ष्य	147	लेखबद्ध विषयों के बारे में साक्ष्य
145	पूर्वतन लेखबद्ध कथनों के बारे में प्रतिपरीक्षा	148	पूर्वतन लेखबद्ध कथनों के बारे में प्रतिपरीक्षा
146	प्रतिपरीक्षा के विधिपूर्ण प्रश्न	149	प्रतिपरीक्षा के विधिपूर्ण प्रश्न
147	साक्षी को उत्तर देने के लिए कब विवश किया जाए	150	साक्षी को उत्तर देने के लिए कब विवश किया जाए
148	न्यायालय विनिश्चित करेगा कि कब प्रश्न पूछा जाएगा और साक्षी को उत्तर देने के लिए कब विवश किया जाएगा	151	न्यायालय विनिश्चित करेगा कि कब प्रश्न पूछा जाएगा और साक्षी को उत्तर देने के लिए कब विवश किया जाएगा
149	युक्तियुक्त आधारों के बिना प्रश्न न पूछा जाएगा	152	युक्तियुक्त आधारों के बिना प्रश्न न पूछा जाएगा
150	युक्तियुक्त आधारों के बिना प्रश्न पूछे जाने की अवस्था में न्यायालय की प्रक्रिया	153	युक्तियुक्त आधारों के बिना प्रश्न पूछे जाने की अवस्था में न्यायालय की प्रक्रिया
151	अशिष्ट और कलंकात्मक प्रश्न	154	अशिष्ट और कलंकात्मक प्रश्न
152	अपमानित या क्षुब्ध करने के लिए	155	अपमानित या क्षुब्ध करने के लिए

	आशयित प्रश्न		आशयित प्रश्न
153	सत्यवादिता परखने के प्रश्नों के उत्तरों का खंडन करने के लिए साक्ष्य का अपवर्जन	156	सत्यवादिता परखने के प्रश्नों के उत्तरों का खंडन करने के लिए साक्ष्य का अपवर्जन
154	पक्षकार द्वारा अपने ही साक्षी से प्रश्न	157	पक्षकार द्वारा अपने ही साक्षी से प्रश्न
155	साक्षी की विश्वसनीयता पर अधिक्षेप	158	साक्षी की विश्वसनीयता पर अधिक्षेप
156	सुसंगत तथ्य के साक्ष्य की संपुष्टि करने की प्रवृत्ति रखने वाले प्रश्न ग्राह्य होंगे	159	सुसंगत तथ्य के साक्ष्य की संपुष्टि करने की प्रवृत्ति रखने वाले प्रश्न ग्राह्य होंगे
157	उसी तथ्य के बारे में पश्चात्वर्ती अधिसाक्ष्य की सम्पुष्टि करने के लिए साक्ष्य के पूर्वतन कथन साबित किए जा सकेंगे	160	उसी तथ्य के बारे में पश्चात्वर्ती अधिसाक्ष्य की सम्पुष्टि करने के लिए साक्ष्य के पूर्वतन कथन साबित किए जा सकेंगे
158	साबित कथन के बारे में, जो कथन धारा 32 या 33 के अधीन सुसंगत हैं कौन-सी बातें साबित की जा सकेंगी	161	साबित कथन के बारे में, जो कथन धारा 26 या 27 के अधीन सुसंगत हैं कौन-सी बातें साबित की जा सकेंगी
159	स्मृति ताजी करना	162	स्मृति ताजी करना
160	धारा 159 में वर्णित दस्तावेज में कथित तथ्यों के लिए परिसाक्ष्य	163	धारा 162 में वर्णित दस्तावेज में कथित तथ्यों के लिए परिसाक्ष्य
161	स्मृति ताजी करने के लिए प्रयुक्त लेख के बारे में प्रतिपक्षी का अधिकार है	164	स्मृति ताजी करने के लिए प्रयुक्त लेख के बारे में प्रतिपक्षी का अधिकार है
162	दस्तावेजों का पेश किया जाना	165	दस्तावेजों का पेश किया जाना
163	मगायी गई और सूचना पर पेश की गई दस्तावेज का साक्ष्य के रूप में दिया जाना	166	मगायी गई और सूचना पर पेश की गई दस्तावेज का साक्ष्य के रूप में दिया जाना
164	सूचना पाने पर जिस दस्तावेज के पेश करने से इंकार कर दिया गया है उसको साक्ष्य के रूप में उपयोग में लाना	167	सूचना पाने पर जिस दस्तावेज के पेश करने से इंकार कर दिया गया है उसको साक्ष्य के रूप में उपयोग में लाना

165	प्रश्न करने या पेश करने का आदेश देने की न्यायाधीश की शक्ति	168	प्रश्न करने या पेश करने का आदेश देने की न्यायाधीश की शक्ति
166	जूरी या असेसरों की प्रश्न करने की शक्ति	**अधिनियम में प्रावधान नहीं है।**	
अध्याय 11 साक्ष्य के अनुचित ग्रहण और अग्रहण के विषय में		**अध्याय 11 साक्ष्य के अनुचित ग्रहण और अग्रहण के विषय में**	
167	साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के लिए नवीन विचारण नहीं होगा	169	साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के लिए नवीन विचारण नहीं होगा
अनुसूची (निरसित)		अनुसूची (नई जोड़ी गयी है)	

नोट – जिन मुख्य धाराओं में संशोधन किया गया है उन्हे सूची में *** से चिन्हित किया गया है, जिसकी विस्तृत व्याख्या **"भाग – ग"** में दिया गया है।

अनुसूची
[धारा 63 (4) (ग) देखिये]

प्रमाणपत्र

भाग क

(पक्षकार द्वारा भरा जाना है)

मैं .... निवासी (नाम), पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी................................ जो .... का निवासी ....में नियोजित हूं, सत्यनिष्ठापूर्वक प्रतिज्ञान और हृदय से कथन करता/करती हूं और निम्नानुसार प्रस्तुत करता/करती हूं कि :-

मैंने निम्नलिखित युक्ति/डिजिटल अभिलेख स्रोत से लिए गए डिजिटल अभिलेख का इलैक्ट्रानिकी अभिलेख/निर्गम प्रस्तुत किया है (चिह्न लगाएं) :-

कम्प्यूटर/भंडारण मीडिया	डीवीआर	मोबाइल फ्लैश ट्राइव
सीडी/डीवीडी	सर्वर	क्लाउड
अन्य		

अन्य :

....

मेक और मॉडल : .... रंगः ....

क्रम संख्यांक ....

आईएमईआई/यूआईएन/यूआईडी/एमएसी/क्लाऊड आईडी
.... (जैसा लागू हो)

और युक्ति/डिजिटल अभिलेख................................ के विषय में कोई अन्य सुसंगत सूचना, यदि कोई हो (विनिर्दिष्ट करें)।

डिजिटल युक्ति या डिजिटल अभिलेख स्रोत नियमित क्रियाकलाप करने के प्रयोजनों के लिए नियमित रूप से सूचना का सृजन करने, भंडारण करने या प्रोसेस करने के लिए विधिपूर्ण नियंत्रणाधीन थे और इस कालावधि के दौरान कंप्यूटर या संचार युक्ति समुचित रूप से कार्य कर रही थी तथा कारबार के साधारण क्रम के दौरान सुसंगत सूचना को कंप्यूटर में नियमित रूप से फीड किया गया था। यदि किसी भी समय कंप्यूटर/डिजिटल युक्ति समुचित रूप से कार्य नहीं कर रही थी या प्रचालन में नहीं थी तब इससे इलैक्ट्रानिक डिजिटल अभिलेख या उसकी शुद्धता प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं हुई है। डिजिटल युक्ति या डिजिटल अभिलेख का स्रोत मेरे द्वारा :-

स्वामित्वाधीन अनुरक्षित प्रबंधित प्रचालित (जो लागू हो उसका चयन करें), है।

मैं, कथन करता/करती हूं कि इलैक्ट्रानिकी/डिजिटल अभिलेख का निम्नलिखित एल्गोरिथ्म के माध्यम से अभिप्राप्त हैश मान .... है।

एसएचए1:

एसएचए 256 :

एमडी5 :

अन्य .....(विधिक रूप से स्वीकार्य मानक)

(प्रमाणपत्र के साथ हैश रिपोर्ट संलग्न करें)

(नाम और हस्ताक्षर)

तारीख (दिन/मास/वर्ष) ....

समय (आईएसटी): .... (24 घंटे के रूप में)

स्थान : ....

भाग ख

(विशेषज्ञ द्वारा भरा जाना है)

मैं .... (नाम), पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी..................................... जो .... का निवासी .... में नियोजित हूं, सत्यनिष्ठापूर्वक प्रतिज्ञान और शुद्ध हृदय से कथन करता/करती हूं और निम्नानुसार प्रस्तुत करता/करती हूं कि :-

प्रस्तुत किए गए डिजिटल अभिलेख के इलैक्ट्रानिकी अभिलेख/निर्गम निम्नलिखित युक्ति/डिजिटल अभिलेख स्रोत से अभिप्राप्त किए गए हैं (चिह्न लगाएं) :

कम्प्यूटर भंडारण मीडिया	डीवीआर	मोबाइलफ्लैश ट्राइव
सीडी/डीवीडी	सर्वर	क्लाऊड
अन्य		

अन्य :

....

मेक और मॉडल : .... रंग : ....

क्रम संख्यांक ....

आईएमईआई / यूआईएन / यूआईडी / एमएसी / क्लाऊड आईडी .... (जैसा लागू हो) और युक्ति/डिजिटल अभिलेख.............................. के विषय में कोई अन्य सुसंगत सूचना, यदि कोई हो (विनिर्दिष्ट करें)।

मैं, कथन करता/करती हूं कि इलैक्ट्रानिकी/डिजिटल अभिलेख का निम्नलिखित एल्गोरिथ्म के माध्यम से अभिप्राप्त हैश मान .... है :-

एसएचए1:

एसएचए 256 :

एसडी5 :

अन्य ....(विधिक रूप से स्वीकार्य मानक)

(प्रमाणपत्र के साथ हैश रिपोर्ट संलग्न करें)

(नाम, पदनाम और हस्ताक्षर)

तारीख (दिन/मास/वर्ष) : ....

समय (आईएसटी) : .... (24 घंटे के रूप में)

स्थान : ....

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड पुलिस

UTTARAKHAND POLICE

मित्रता सेवा सुरक्षा